Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 03 | शनिवार, 03 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## इंदौर की तरह बिहार के इस शहर में भी दूषित पानी का खतरा



**बरबीघा।** इंदौर में दूषित पानी से 14 लोगों की मौत की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। यह हादसा केवल एक शहर की त्रासदी नहीं, बल्कि उन तमाम नगरों के लिए चेतावनी है जहां नल जल पाइपलाइन से जलापूर्ति व्यवस्था काफी बदहाल स्थिति में है। बरबीघा नगर परिषद क्षेत्र और आसपास के गांवों की स्थिति भी इससे अलग नहीं दिखती। यहां कई महीनों से तो कहीं कई वर्षों से नल-जल के पाइपलाइन में लीकेज है, जिससे पानी सड़कों पर निरंतर बहता है। नाले का गंदा पानी वापस पाइपलाइन में जाने की आशंका बनी रहती है, जो गंभीर संक्रमण को घर-घर तक फैलाने के लिए काफी है। नगर क्षेत्र के सामाचक इलाके गोलापर, धर्मशाला गली, चंदूकुआं, शेरपर, फैजाबाद, मोहल्लापर के साथ अस्पताल के पीछे फैजाबाद इलाके बढ़नपुरा मुहल्ले में जलजमाव के पास ही लीकेज की समस्या देखी जा रही है।

## गोरखपुर एयरपोर्ट पर खराब मौसम ने बिगाड़ा उड़ानों का शेड्यूल



**गोरखपुर।** खराब मौसम का असर शुक्रवार को हवाई यातायात पर दिखा। दिल्ली और कोलकाता के विमान देरी से गोरखपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ा। दिल्ली से गोरखपुर आने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट अपने निर्धारित समय सुबह 10:50 बजे के बजाय करीब ढाई घंटे की देरी से दोपहर 1:20 बजे एयरपोर्ट पहुंची। इसी तरह कोलकाता से आने वाली इंडिगो की फ्लाइट भी तय समय दोपहर 3:30 बजे के स्थान पर एक घंटे से अधिक विलंब से शाम 4:34 बजे लैंड हुई। आने वाली उड़ानों में हुई देरी का सीधा असर प्रस्थान करने वाली फ्लाइटों पर पड़ा, जिससे यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई।दिल्ली जाने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट जो सुबह 11:30 बजे उड़ान भरने वाली थी।

## मोहन भागवत का बड़ा बयान

# '1947 में जो हिस्से भारत से अलग हुए उन्हें मिलाने को अभी से तैयार करनी होगी'

**भोपाल।**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने युवाओं से सशक्त बनने का आह्वान करते हुए कहा कि विश्व सत्य नहीं, शक्ति की सुनता है। दुर्बल व्यक्ति सत्य भी बोले तो उसे कोई नहीं सुनेगा, किंतु शक्तिशाली की बात सही-गलत का विचार किए बिना सभी सुनते हैं। इसलिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनना चाहिए। इसके लिए शरीर, मन और बुद्धि की सबलता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अभी बहुत काम करना बाकी है। 1947 में जो हिस्से भारत से अलग हुए थे, उन्हें मिलाने के लिए अभी से मानसिकता तैयार करनी होगी। प्रतिनिधि सभा में यह विषय भी रखेंगे कि जो भारत का हिस्सा थे, उन्हें भी संगठित किया जाए। यह बात डॉ. भागवत ने शुक्रवार को भोपाल में आयोजित युवा संवाद में कही। संवाद में मध्यभारत प्रांत के 350 ऐसे युवा सम्मिलित हुए, जिनकी क्षेत्र विशेष में उपलब्धियां रही हैं, पर वे स्वयंसेवक नहीं हैं। डॉ. भागवत ने कहा कि विश्व में एक चिंतन चला है कि भारत से एक नया रास्ता मिलेगा। जब भारत बड़ा बनता है, विश्व को नया रास्ता दिखाता है। संपूर्ण समाज के प्रयास से देश बड़ा होता है। नेता, नारा नीति, पार्टी, सरकार ये सब सहायक होते हैं। समाज को इनसे काम लेने की ताकत आनी चाहिए। इसके लिए समाज में देशभक्ति, अनुशासन जैसे सद्गुणों के व्यवहार का वातावरण होना चाहिए। भारत का बड़ा बनना संघ नहीं, बल्कि समाज के खाते में लिखा जाएगा। डॉ. भागवत ने कहा कि दुनिया में संघ ने ही एकमात्र ऐसी पद्धति दी है, जो अच्छी आदतें विकसित करती है। दुनिया में व्यक्ति निर्माण की कहीं दूसरी पद्धति नहीं है। संघ की शाखा देशभक्ति सिखाती है। यदि इसका अनुभव लेना है और उद्देश्य को जीना है तो शाखा एकमात्र जगह है। यहां कोई बंधन नहीं है। संघ और उसके अनुषांगिक संगठनों के रिश्तों पर भ्रम को दूर करते हुए सरसंघचालक ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की। कहा, अगर आप भाजपा, विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) या विद्या भारती को देखकर संघ को समझने की कोशिश करेंगे तो आप संघ को कभी नहीं समझ पाएंगे। संघ का काम सिर्फ स्वयंसेवक तैयार करना है। संघ उन्हें विचार, संस्कार और लक्ष्य देता है। इसके बाद ये स्वयंसेवक समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर काम करते हैं। भाजपा या विहिप के काम करने का तरीका अलग है, वे अपना काम स्वतंत्र रूप से करते हैं। उन्हें संस्कार संघ ने दिया है, लेकिन उनके कार्यों से संघ को परिभाषित नहीं किया जा सकता।

### धर्म नहीं, भारत का मूल स्वभाव है प्रमुख

जन गोष्ठी में डॉ. भागवत ने संघ के विचार, कार्यपद्धति और भविष्य के लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की। हिंदुत्व की व्याख्या करते हुए कहा कि हिंदू विभिन्न समाजों की एक जैसी मनोवृत्ति और स्वभाव है। कहने से हम सब एक सूत्र में बंधते हैं। यह केवल एक धर्म नहीं, भारत का मूल स्वभाव है। नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि हम सभी पंथों और संप्रदायों को मानते हैं और उनका सम्मान करते हैं। हिंदू, हिंदवी और भारत, ये तीनों एक ही हैं।

## भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट हेरोइन गिराते समय ड्रोन क्रैश



**जयपुर।**

भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में गुरुवार देर रात ड्रोन से भेजी गई 20 करोड़ रुपये कीमत की 4.88 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है।

हेरोइन गिराते समय ड्रोन क्रैश (गिर गया) हो गया। हेरोइन और क्रैश हुए ड्रोन को लेकर जा रहे तीन तस्करों को रावला थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। श्रीगंगानगर जिला पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि हेरोइन की खेप सीमा पार पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भेजी गई थी। पुलिस ने शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल के सहयोग से सीमावर्ती इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया है। तीनों के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस और सीमा सुरक्षा बल की टीम तीनों से पूछताछ कर रही है। मालूम हो कि सीमावर्ती क्षेत्र में पहले भी ड्रोन से हेरोइन गिराए जाने के कई मामले सामने आ चुके हैं।

## बांग्लादेशी खिलाड़ी को लेकर विवादों में घिरे शाहरुख खान, बीसीसीआई ने साधी चुप्पी

**नई दिल्ली।**




बांग्लादेशी खिलाड़ी को टीम में शामिल करने को लेकर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मालिक और अभिनेता शाह रुख खान विवादों में घिर गए हैं और उन पर मुस्तफिजुर रहमान को हटाने का दबाव बढ़ गया है। आध्यात्मिक गुरु रामभद्राचार्य और कथावाचक देवकी नंदन के विरोध के बाद अब भाजपा और शिवसेना नेताओं ने कहा कि वे रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) में नहीं खेलने देंगे। ये लोग बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार से आक्रोशित हैं। विवाद के बीच बीसीसीआई ने बांग्लादेश के खिलाड़ियों की आइपीएल में भागीदारी पर चुप्पी साध रखी है। बीसीसीआई ने आइपीएल में बांग्लादेशी खिलाड़ियों की भागीदारी पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार बांग्लादेशी खिलाड़ियों को लीग में भाग लेने से रोकने के लिए सरकार की ओर से कोई निर्देश नहीं मिला है। गौरतलब है कि पिछले महीने आयोजित मिनी-नीलामी में केकेआर ने 9.20 करोड़ रुपये में रहमान को खरीदा था। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और हत्याओं के बाद विरोध शुरू हो गया।

### 15 मौतों के बाद जागी सरकार

## इंदौर दूषित जल कांड: शिकायतें दबती रहीं और पानी की लाइन में मल-मूत्र मिलता रहा

**इंदौर।**

देश के स्वच्छतम शहर इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल से फैला संकट किसी एक दिन की गलती नहीं, बल्कि लगातार अनदेखी, गलत निर्माण और निगरानी के अभाव का नतीजा है। छह दिन में 15 लोगों की मौत हो गई और शहर की जल व्यवस्था की भयावह तस्वीर सामने आ गई। दरअसल, स्थानीय निवासी कई हफ्तों से गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायत कर रहे थे, लेकिन प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। 29 दिसंबर, 2025 को स्थिति तब विस्फोटक हो गई, जब 100 से अधिक लोग उल्टी-दस्त से पीड़ित हो गए। अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लगने लगी। अगले दिन हालात और बिगड़ गए। आठ मरीजों की मौत की बात सामने आई और बीमार लोगों की संख्या 1100 से अधिक पहुंच गई। नगर निगम ने आनन-फानन में पानी के सैंपल जांच के लिए भेजे। प्रशासनिक कार्रवाई के तौर पर दो अधिकारियों को निलंबित किया गया और एक की सेवा समाप्त कर दी गई।



## गोला-बारूद के 90 प्रतिशत स्वदेशीकरण से सेना की युद्ध क्षमता को मिली मजबूती


**नई दिल्ली।**




सेना अपनी हथियार प्रणालियों में गोला-बारूद और सटीक गोला-बारूद के लगभग 200 वेरिएंट का इस्तेमाल करती है। केंद्रित नीति सुधारों और उद्योग के साथ जुड़ाव के जरिये इनमें से 90 प्रतिशत से अधिक का स्वदेशीकरण कर लिया गया है और उन्हें घरेलू स्त्रोतों से प्राप्त किया जा रहा है। इससे सेना की लंबी अवधि की युद्ध क्षमता मजबूत हुई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि गोला-बारूद, अतिरिक्त कलपुर्जे और लाजिस्टिक्स युद्ध शक्ति की रीढ़ हैं। इसके मद्देनजर भारतीय सेना ने गोला-बारूद उत्पादन में आत्मनिर्भरता को अपनी तैयारी की रणनीति के मूल में रखा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आयात पर निर्भरता कम करने से लेकर एक लचीली घरेलू आपूर्ति श्रृंखला बनाने तक, स्वदेशीकरण के लिए सेना के लगातार प्रयास गोला-बारूद की तैयारी और लंबी अवधि की युद्ध क्षमता को नया आकार दे रहे हैं। प्रक्रियाओं को प्रतिस्पर्धा और कई विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए पुनर्गठित किया गया है। 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत लगभग 16,000 करोड़ रुपये का आर्डर बास्केट बनाया गया है, जबकि पिछले तीन वर्षों में स्वदेशी निर्माताओं को लगभग 26,000 करोड़ रुपये के गोला-बारूद आपूर्ति आर्डर दिए गए हैं। अब गोला-बारूद के कई वेरिएंट कई घरेलू स्त्रोतों से मिल सकते हैं। अधिकारी ने कहा, "हाल के संघर्षों ने एक सच्चाई सामने लाई है कि जो देश घरेलू स्तर पर गोला-बारूद की आपूर्ति बनाए रख सकते हैं।

**आत्मनिर्भर भारत का बड़ा कदम**

## ब्राजील में बस और ट्रक की भिड़ंत में 11 की मौत, सात घायल



**पोर्टो एलेग्रे।**

दक्षिणी ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में एक बस और ट्रक की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। ब्राजील की संघीय राजमार्ग पुलिस (पीआरएफ) ने यह जानकारी दी। पुलिस के बयान के अनुसार, यह हादसा शुक्रवार सुबह करीब 11:30 बजे (स्थानीय समय) संघीय राजमार्ग इफ-386 पर काराजिन्हो क्षेत्र में हुआ। बस स्वास्थ्य विभाग की थी, जो मरीजों को इलाज के लिए ले जा रही थी। ट्रक में लदी रेत का बड़ा हिस्सा टक्कर के बाद बस के अंदर घुस गया, जिससे बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक से गिरी रेत बस के अंदर फैल जाने से बचाव दल को शवों और घायलों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। घायलों को तुरंत आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस दुर्घटना के सटीक कारणों की जांच कर रही है। प्रारंभिक रिपोर्ट्स में ओवरटेकिंग या लेन बदलने की गलती को संभावित वजह बताया जा रहा है। राजमार्ग पर यातायात कई घंटों तक बाधित रहा।

## दिल्ली-यूपी में गलन भरी ठंड, घने कोहरे से उत्तर भारत में जनजीवन अस्त-व्यस्त

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत इस समय कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (कटऊ) के अनुसार, एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में हल्की से मध्यम बर्फबारी और बारिश हो रही है, जबकि मैदानी इलाकों में घना कोहरा और शीत लहर का कहर जारी है। इससे दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में उड़ानें और ट्रेनें बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है। कटऊ की प्रेस रिलीज के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना बनी हुई है। इससे पर्यटकों को खुशी मिली है, लेकिन ऊंचाई वाले रास्तों पर फिसलन और अवरोध की स्थिति बन गई है। मैदानों में घना कोहरा और शीत लहरदिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और बिहार में रात और सुबह के समय घना से बहुत घना कोहरा छाया हुआ है। दृश्यता कई जगहों पर 50 मीटर से भी कम हो गई है। कटऊ ने 5-6 जनवरी तक घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। न्यूनतम तापमान 8-10 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से कम दर्ज किया जा रहा है।

### उड़ानें और ट्रेनें प्रभावित

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण कई उड़ानें देरी से चल रही हैं या रद्द की गई हैं। इसी तरह, उत्तर भारत में दर्जनों ट्रेनें घंटों विलंब से चल रही हैं। यात्री परेशान हैं और एयरलाइंस ने यात्रियों को पहले फ्लाइट स्टेटस चेक करने की सलाह दी है।



## संपादक की कलम से

# दूषित पानी का हत्याकांड

कितना अभिशप्त और कलंकित शहर है इंदौर! जिस शहर को स्वच्छता के लिए लगातार राष्ट्रीय सम्मान मिल रहा है, उसी शहर में लोग दूषित पानी पीने से मर रहे हैं। यह इंदौर का काला सच है! इससे विरोधाभासी त्रासदी और क्या होगी? हमें नए साल की शुरूआत में ही ऐसा शोकाकुल, संतप्त, अफसोसनाक, व्यवस्था के फालतूपन, संवेदनहीनता और मंत्री जी के घंटे पर विश्लेषण करना पड़ रहा है, लिहाजा हमारी विवशता समझिए। यह त्रासद घटना मप्र के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के चुनाव-क्षेत्र के भागीरथपुरा की है। क्या विडंबना और अंधेरगर्दी है कि नर्मदा के पानी की लाइन में मल की पाइपलाइन जुड़ गई और लोग वही विषाक्त पानी पीते रहे! आखिर यह नालायकी कैसे संभव है? यदि यह हत्याकांड (हम इसे हत्याकांड ही मानेंगे) सामने न आता, तो न जाने कितनी और अर्थियां उठानी पड़तीं? विषाक्त पानी पीने से अभी तक 14 मौतें हो चुकी हैं और 32 मरीजों की स्थिति गंभीर बताई गई है। उनमें से अधिकतर अस्पतालों के आईसीयू में उपचाराधीन हैं। ईश्वर उन्हें नई जिंदगी दें। अस्पतालों में 201 मरीज भर्ती हैं। कुल 8571 प्रभावित लोगों की जांच की जा चुकी है, जिनमें से 338 संक्रमित पाए गए हैं। अब हैजा फैलाने वाले घातक विषाणु भी मिले हैं। मप्र सरकार बेशक अफसरों को निलंबित करे या बर्खास्त कर दे अथवा सूली पर चढ़ा दे, लेकिन जिन परिवारों के चिराग बुझे हैं, कमाऊ पूत भरी जवानी में चले गए हैं, बड़ों के साये भी छिन गए हैं, क्या उनकी क्षतिपूर्ति संभव है? ऐसी किसी भी त्रासद घटना की क्षतिपूर्ति की ही नहीं जा सकती। जिन लोगों ने गुस्से या आक्रोश में सरकारी चेक कबूल करने से इंकार कर दिया है, हम उनकी हिम्मत की दाद देते हैं। सरकार या राजनीतिक नेतृत्व को कभी-कभार लाल आंखें दिखाना सही होता है। कैलाश विजयवर्गीय भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में हैं और मालवा के सबसे ताकतवर नेता के तौर पर गिने जाते हैं। उन्होंने पत्रकारों से भिड़ते हुए कहा-फोकट के सवाल मत पूछें। इससे उनकी मानसिकता स्पष्ट हुई है। वह मौत के आंकड़ों को घंटा करार दे रहे हैं। क्या ऐसे नेता को जनता को खारिज नहीं कर देना चाहिए? दरअसल सवाल खोखले नारों, दावों और सतही श्रृंगार का है। इंदौर पर ग्लैमर और आकर्षण थोपा जा रहा है। वह स्वच्छता का शहर भी नहीं है। यह हमारा दावा है, क्योंकि हमने इंदौर को नंगी आंखों से देखा है। वहां अराजकता और अतिक्रमण चारों ओर देखा जा सकता है। इंदौरवाले अव्वल दर्जे के खाऊ हैं, लेकिन नर्मदा नदी के तट पर बसे शहर में चेतावनीपूर्ण जल-संकट की स्थितियां हैं। गर्मियों में लोगों को पानी के टैंकर खरीद कर अपनी जरूरतें पूरी करनी पड़ती हैं। किसी प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्री या खुद जनता ने पानी के संकट की कभी भी चिंता नहीं की। अब इंदौर को इतना विकसित बनाने की योजनाओं पर काम चल रहा है कि प्रधानमंत्री का दूसरा आवास वहीं बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री इंदौर में बस कर क्या करेंगे? इंदौर को सिर्फ ऊपर से सजाने-संवारने की कोशिशें की जाती रही हैं। यह कैसा शहर है, जहां 95 फीसदी से अधिक दोपहिया चालक हैलमेट ही नहीं पहनते, लाल बत्ती की गंभीरता से नहीं मानते और वाहन आपस में लगभग काटते, टकराते चलते रहते हैं।



ललित शर्मा
संपादक

## कविता

### जिंदगी कहती है



मोनिका डागा

ये जिंदगी तो करती है बस अपनी मनमानी,
हर इंसान की अपनी है एक अलग कहानी,
कर्मों का हिसाब-किताब निरंतर चलता है,
कहीं है कारी बदरी तो कहीं धूप आसमानी।

जो रूठ जाता है जिंदगी की समस्याओं से,
दूर हो जाता है वो तो सफल संभावनाओं से,
वो जिंदगी को अपनी बोझिल बना लेता है,
टूट जाता है वो दर्दनाक भारी विपदाओं से।

सीखों बाधाओं को नजरिया बदल दूर करना,
अपने ₹आनंद₹ आत्मविश्वास को प्रबल रखना,
वर्तमान परिस्थितियों को बदला जा सकता है,
जिंदगी कहती हैं चाहते हो तुम यूँ प्यार करना।

बड़े ही टेढ़े-मेढ़े दांव-पेंच है अलबेली जिंदगी के,
सुख-दु:ख के मोल भाव प्रेम संतुष्टि सादगी के,
खोटे सिक्के को एक प्रभु तू ही सोना है बनाता,
कारण बहुत सारे है दीनानाथ तेरी बंदगी के।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक: ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# विकसित भारत @2047 और दूषित बुनियादी सुविधाएँ: आधुनिक भारत के सामने एक सभ्यतागत चुनौती-एक समग्र अंतरराष्ट्रीय विश्लेषण



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर विजन 2047 के तहत भारत स्वयं को एक विकसित राष्ट्र और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।बुनियादी ढांचे,डिजिटल गवर्नेंस, स्मार्ट सिटी, हाईवे, मेट्रो औद्योगिक गलियारों और वैश्विक निवेश के आंकड़े इस प्रगति का दावा करते हैं। किंतु इसी आधुनिक भारत में यदि नागरिक दूषित पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के अभाव में अपनी जान गंवा दें, तो यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि राज्य की नैतिक, संवैधानिक और मानवीय विफलता बन जाती है।1 जनवरी 2026 को इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों ने इसी विरोधाभास को उजागर कर दिया है,जहाँ एक ओर वर्ल्ड क्लास इंडिया की आकांक्षा है, वहीं दूसरी ओर नागरिक जीवन की बुनियादी सुरक्षा भी सुनिश्चित नहीं हो पा रही। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि,स्वच्छ पेयजल का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का अभिन्न हिस्सा है। दूषित पानी से हुई मौतें सीधे-सीधे इस अधिकार का हनन हैं।जब भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की बात करता है, तब ऐसी घटनाएँ यह प्रश्न उठाती हैं कि क्या विकास मानवाधिकारों की रक्षा के बिना संभव है?हाईकोर्ट और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का संज्ञान यह स्पष्ट करता है कि यह मामला केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि संवैधानिक और मानवाधिकार उल्लंघन का है।न्यायपालिका की सक्रियता यह सुनिश्चित करने का प्रयास है कि राज्य अपने कर्तव्यों से पलायन न करे और नागरिकों के जीवन की कीमत राजनीतिक सुविधा के अनुसार न तय की जाए।

साथियों बात अगर हम इंदौर में हुई त्रासदी को समझने की करें तो, जो शहर लगातार कई वर्षों से राष्ट्रीयस्वच्छता सर्वेक्षण में देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित होता रहा है, वहां नववर्ष के पहले ही दिन दूषित पेयजल से मौतों की खबर ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया।यह घटना इसलिए और भी गंभीर हो जाती है क्योंकि इंदौर को अक्सर शहरी प्रबंधन, नगर निकाय दक्षता और जनभागीदारी का आदर्श मॉडल बताया जाता रहा है।यदि ऐसा शहर भी अपने नागरिकों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में विफल हो जाए,तो यह प्रश्न केवल इंदौर का नहीं, बल्कि पूरे शहरी भारत की जल सुरक्षा रणनीति पर खड़ा होता है।घटना का केंद्र इंदौर का भागीरथपुरा क्षेत्र है, जहाँ पुलिस चौकी के शौचालय के ठीक नीचे से गुजर रही नर्मदा की मुख्य जल आपूर्ति पाइपलाइन में गंभीर रिसाव पाया गया। इस रिसाव के कारण सीवेज का गंदा पानी सीधे पेयजल लाइन में मिल गया और पूरे वार्ड में दूषित पानी की आपूर्ति होती रही।यह केवल एक तकनीकी खराबी नहीं थी,बल्कि प्रणालीगत लापरवाही का परिणाम भी होने की संभावना है।मीडिया में चल रही खबरों के अनुसार,स्थानीय नागरिकों द्वारा सैकड़ों बार पार्षद को शिकायतें की गईं, नगर निगम की 311 ऐप पर भी बार-बार शिकायत दर्ज कराई गई, परंतु हर बार केवल आश्वासन मिला, समाधान नहीं। यह स्थिति बताती है कि डिजिटल शिकायत तंत्र तब तक अर्थहीन है,जब तक उस पर संवेदनशील और समयबद्ध कार्रवाई न हो।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि दूषित पानी पीने से ही लोग बीमार पड़े और उनकी मृत्यु हुई। वहीं कलेक्टर स्तरपर यह कहा गया कि डिटेल्ड रिपोर्ट और कल्चर टेस्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।यह प्रशासनिक भाषा एक परिचित पैटर्न को दर्शाती है,पहले टालना, फिर जांच, फिर जिम्मेदारी तय करने में विलंब। जबकि वास्तविकता यह है कि जब सैकड़ों लोग अस्पतालों में भर्ती हों, 16 बच्चे प्रभावित हों और मौतों की संख्या बढ़ रही हो, तब प्रशासनिक सतर्कता नहीं बल्कि आपातकालीन जवाबदेही अपेक्षित होती है।


साथियों बात अगर हम मौतों के आंकड़ों पर विवाद: सत्य बनाम आधिकारिक संस्करण इसको समझने की करें तो, इस पूरे मामले में सबसे चिंताजनक पहलू मौतों कीसंख्या को लेकर सामने आया विरोधाभास है।हाईकोर्ट में सरकार की ओर से पेश की गई स्टेटस रिपोर्ट में अब तक केवल 4 मौतों की बात कही गई,जबकि मीडिया से ऐसी खबरें आ रही है कि जमीनी रिपोर्ट, मीडिया और अस्पतालों के आंकड़ों के अनुसार 15 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।यह अंतर केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि राज्य की पारदर्शिता और नैतिक साहस का प्रश्न है। लोकतंत्र में जब सरकारें मौतों को कम करके दिखाने लगें, तो यह पीड़ितों के प्रति दूसरा अन्याय बन जाता है। न्यायपालिका और मानवाधिकार आयोग की भूमिका इस मामले में हाईकोर्ट द्वारा जनहित याचिका पर संज्ञान लेना और अगली सुनवाई की तिथि तय करना न्यायिक सक्रियता का संकेत है। वहीं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर मुख्य सचिव को नोटिस जारी करना इस बात की पुष्टि करता है कि यह मामला केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि मानवाधिकार उल्लंघन का भी है।

साथियों बात अगर हम इस त्रासदी को संवैधानिक रूप से समझने की करें तो, भारत का संविधान नागरिकों को केवल शासन की संरचना नहीं देता, बल्कि उन्हेंसम्मानपूर्ण सुरक्षित और गरिमामय जीवन का वचन देता है। अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार केवल सांस लेने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसमें स्वच्छ जल, स्वच्छ पर्यावरण और स्वास्थ्य का अधिकार भी निहित है। इंदौर में दूषित पेयजल से हुई मौतें इस संवैधानिक वचन के टूटने का प्रतीक हैं। यह घटना केवल एक नगर निगम या राज्य सरकार की विफलता नहीं, बल्कि राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी के उल्लंघन का गंभीर मामला है।स्वच्छ पेयजल:मूल अधिकार का अविभाज्य हिस्सा भारतीय न्यायपालिका ने समय- समय पर स्पष्ट किया है कि स्वच्छ जल का अधिकार, अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के अधिकार का अनिवार्य अंग है। सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न निर्णयों में यह स्थापित किया गया है कि यदि राज्य नागरिकों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में असफल रहता है, तो वह संवैधानिक कर्तव्यहीनता का दोषी है।इंदौर की घटना में, जहाँ सीवेज का पानी पेयजल आपूर्ति में मिला और प्रशासन शिकायतों के बावजूद निष्क्रिय रहा,वहाँ यह तर्क और भी सशक्त हो जाता है कि राज्य ने अपने संवैधानिक दायित्व का पालन नहीं किया।अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन: समानता और जीवन पर भी आघात की ओर इशारा करता है

साथियों बात अगर हम राजनीतिक प्रतिक्रियाएँ: संवेदना,आरोप और नैतिक परीक्षा इसको समझने की करें तो पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा इसे मुख्यमंत्री के लिए परीक्षा की घड़ी बताना और घोर प्रायश्चित की बात कहना इस घटना की नैतिक गंभीरता को रेखांकित करता है।वहीं लोकसभा में विपक्षी नेता द्वारा यह कहना कि साफ पानी अहसान नहीं, जीवन का अधिकार है, लोकतांत्रिक विमर्श को संवैधानिक धरातल पर लाता है।हालांकि,राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से परे यह प्रश्न अधिक गहरा है,क्या शासन व्यवस्था नागरिक जीवन को सर्वोच्च प्राथमिकता मान रही है, या केवल राजनीतिक प्रबंधन तक सीमित है?

साथियों बात अगर हम दूषित पानी और घातक बैक्टीरिया एक वैज्ञानिक चेतावनी को समझने की करें तो, विशेषज्ञों के अनुसार, सीवेज मिला पानी केवल गंदा नहीं बल्कि अत्यंत विषैला होता है। इसमें हैजा जैसे घातक बैक्टीरिया, मल-मूत्र से उत्पन्न रोगाणु, साबुन, डिटर्जेंट, केमिकल और कभी-कभी औद्योगिक अपशिष्ट भी शामिल होता है।जब यह मिश्रण पेयजल आपूर्ति में प्रवेश करता है, तो यह एक मौन जैविक हथियार बन जाता है, जिसका प्रभाव बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों पर सबसे अधिक पड़ता है।

साथियों बात अगर हम वॉटर विजन 2047: नीति और जमीनी हकीकत का अंतर को समझने की करें तो, हाल ही में भोपाल में आयोजित वॉटर विजन 2047 सम्मेलन में प्रधानमंत्री के 5 पी मॉडल,राजनीतिक इच्छाशक्ति, लोक वित्त, साझेदारी, जन भागीदारी और सतत प्रेरणा पर विस्तृत चर्चा हुई थीं।जल सुरक्षा के लिए रोडमैप तैयार करने की बातें हुई थीं,परंतु इंदौर जैसी घटना यह दर्शाती है कि नीतिगत विमर्श और जमीनी क्रियान्वयन के बीच अभी भी गहरी खाई है। जब तक पाइपलाइन स्तर पर निगरानी, जवाबदेही और त्वरित सुधार तंत्र विकसित नहीं होंगे, तब तक वॉटर विजन केवल दस्तावेजों में सिमटा रहेगा। साथियों बात कर हमअंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य: विकसित देशों से भारत क्या सीख सकता है इसको समझने की करें तो, यूरोप, जापान और सिंगापुर जैसे देशों में पेयजल आपूर्ति को क्रिटिकल नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर माना जाता है। वहां जल आपूर्ति लाइनों की नियमित ऑडिट, सेंसर आधारित निगरानी, और किसी भी रिसाव पर त्वरित अलर्ट सिस्टम लागू हैं।भारत यदि 2047 तक वैश्विक नेतृत्व की आकांक्षा रखता है, तो उसे यह समझना होगा कि आर्थिक शक्ति का मूल्य तभी है जब नागरिक सुरक्षित स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन जी सकें।



# छुट्टियों में दिल्ली वालों के लिए स्वर्ग, 500किलोमीटर के अंदर इन 10 हिल स्टेशनों पर पाएं सुकून

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिल्ली एनसीआर के सबसे करीबी हिल स्टेशनों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो करीब दिल्ली से 500 किमी की दूरी पर हैं। ऐसे में 2-3 दिन की छुट्टी मिलने पर आप भी इन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। ज्यादातर लोग घूमने के शौकीन होते हैं, लेकिन सफर पर जाने के लिए छुट्टियां नहीं रहती हैं। ऐसे में जो लोग घूमना चाहते हैं, वह अपने शहर के आसपास शानदार जगहों की तलाश करते हैं। दिल्ली के पास उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्य हैं, जोकि हिल स्टेशन्स के मामले में काफी ज्यादा समृद्ध हैं। वहीं उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर सबसे ज्यादा लोग पहुंचते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिल्ली एनसीआर के सबसे करीबी हिल स्टेशनों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो करीब दिल्ली से 500 किमी की दूरी पर हैं। ऐसे में 2-3 दिन की छुट्टी मिलने पर आप भी इन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।



**मसूरी**

दिल्ली से मसूरी करीब 290 किमी दूर है। यहां पर आने के लिए आपको करीब साढ़े 6 घंटे का समय लग सकता है।

**नैनीताल**

दिल्ली से नैनीताल 300 किमी के अंदर है। ऐसे में अगर आप दिल्ली से नैनीताल की यात्रा करना चाहते हैं तो लगभग 7 घंटे का समय लगेगा। नैनीताल में आप नैनी झील, माल रोड और नैना देवी मंदिर आदि देख सकते हैं।

**लैंसडाउन**

बता दें कि दिल्ली एनसीआर से लैंसडाउन की दूरी करीब 258 किमी है। ऐसे में आप 6 घंटे का सफर तय करके इस जगह पर पहुंच सकते हैं।

**चोपता**

दिल्ली में रहने वाले लोग चोपता घूमने के लिए जा सकते हैं। दिल्ली से चोपता की दूरी करीब 414 किमी है। इसका सफर तय करने में 10 से 11 घंटे का समय लग सकता है। यह हिल स्टेशन भी पर्यटकों का पसंदीदा जगह है।

**गोपेश्वर**

गोपेश्वर में भी घूमने के लिए एक से एक बेहतरीन जगहें हैं। आप यहां पर ओक व्यू, सागर गांव, गोपीनाथ मंदिर और तुंगनाथ मंदिर के दर्शन कर सकते हैं। दिल्ली से गोपेश्वर की दूरी करीब 450 किमी है।

**शिमला**

हिमाचल प्रदेश के सबसे फेमस हिल स्टेशनों में शिमला का नाम सबसे पहले आता है। हर साल देशभर से शिमला में लाखों पर्यटक आते हैं। दिल्ली से शिमला की दूरी करीब 342 किमी है। जहां पर 5-6 घंटे का सफर करके पहुंचा जा सकता है।

**कसौली**

दिल्ली से कसौली की दूरी करीब 300 किमी है। यहां पर पहुंचने के लिए आपको 8 घंटे का समय लग सकता है। कसौली भी एक पॉपुलर हिल स्टेशन है।

**मैक्लोडगंज**

वहीं दिल्ली से मैक्लोडगंज की दूरी करीब 500 किमी के अंदर है। यह सफर आप 11 घंटे में तय कर सकते हैं। मैक्लोडगंज में आप त्रिकुंड, नामगयाल मठ और भागसूनाथ मंदिर आदि को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**कसोल**

करीब 500 किमी की दूरी के तहत आने वाले दिल्ली के करीबी हिल स्टेशनों में कसोल का नाम भी शामिल है। कसोल की शांति और सुंदर दृश्य आपके मन को प्रफुल्लित कर देंगे।

**धर्मकोट**

अगर आप दिल्ली एनसीआर के रहने वाले हैं, तो आप 9-10 घंटे का सफर तय करके हिमाचल प्रदेश के धर्मकोट की यात्रा पर जा सकते हैं। बता दें कि दिल्ली से धर्मकोट की दूरी करीब 486 किमी दूर है।

# गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन में नयी लहर फाउंडेशन व आयुष्मान सेवा की अनुकरणीय सेवा

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**स्योहारा।** सेवा, समर्पण और सामाजिक सौहार्द का अद्भुत उदाहरण श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर देखने को मिला। जब नगर में भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं ऐतिहासिक आयोजन में नयी लहर फाउंडेशन एवं आयुष्मान सेवा की ओर से एक सेवा स्टॉल लगाया गया। जिसमें नगर कीर्तन में सम्मिलित सभी श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क खान-पान की व्यवस्था की गई।

सेवा कार्य को लेकर सिख समाज के वरिष्ठ एवं सम्मानित व्यक्तियों ने डॉ. मन्नान जैदी (आयुष्मान सेवा, संस्थापक नयी लहर फाउंडेशन) को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सिख समाज के गणमान्य लोगों ने डॉ. मन्नान जैदी द्वारा निरंतर किए जा रहे सामाजिक व स्वास्थ्य सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे युवा समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर नयी लहर फाउंडेशन की पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सेवा कार्य में विशेष रूप से डॉ. लाइक कुरैशी, सचिन कुमार, जुबैर जैदी, फैसल मलिक, मोहम्मद नूर, वसीम चौधरी, आसिम अख्तर, समीऱ कुरैशी सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे। नगर कीर्तन के दौरान यह सेवा स्टॉल आपसी भाईचारे, धार्मिक एकता और मानवता की मिसाल बना। श्रद्धालुओं ने नयी लहर फाउंडेशन एवं आयुष्मान सेवा के इस प्रयास की खुले दिल से प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मन्नान जैदी ने कहा कि सेवा ही सच्चा धर्म है और नयी लहर फाउंडेशन समाज के हर वर्ग के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य करती रहेगी। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि समाज में प्रेम, एकता और सेवा की भावना को और अधिक मजबूत कर गया।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जनपद में साप्ताहिक बंदी के दिन किए निर्धारित

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा बताया गया कि उ०प्र० दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम, 1962 की धारा 8 के साथ पठित नियमावली के नियम-6 में प्रदत्तश अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद बिजनौर में स्थित नियोजनों के साप्ताहिक बन्दी के सम्बन्ध में जनहित को दृष्टि में रखते हुए अपवादों को छोडकर वर्ष 2026 के लिये जनपद के विभिन्न स्थानों के लिए साप्ताहिक बन्दी दिवस स्वीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र नगर पालिका व नगर पंचायत में आवर्त प्रतिष्ठान/समस्त दुकानें एवं वाणिज्य अधिष्ठान बिजनौर के लिये बुद्ववार साप्ताहिक बन्दी व फोटो कॉपी करने वाली दुकानों के लिए रविवार साप्ताहिक बन्दी दिन घोषित किया जाता है। चांदपुर, नजीबाबाद के लिए बृहस्पतिवार, किरतपुर, स्योहारा, मण्डावर, बढापुर व अफजलगढ के लिए शुक्रवार है। उन्होंने बताया कि झालू, हल्दौर, साहनपुर, शेरकोट व नूरपुर तथा नगीना के लिए सोमवार है। नगीना के हैण्डीक्राफ्ट उद्योग के लिए शुक्रवार है। नहटौर व सहस्पुर के लिए मंगलवार तथा धामपुर के लिए बुद्वार है। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण जनपद में विद्युत शक्ति का उपयोग करने वाली ईकाइयां मंगलवार को बंद रहेंगी।

# तहसील नजीबाबाद में जिला अधिकारी जसजीत कौर ने गरीबों को कंबल बांटे




**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद तहसील नजीबाबाद प्रांगण में पहुंचकर जिलाधिकारी जसजीत कौर जी का ब्लॉक प्रमुख जिला अध्यक्ष ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया आज शहर नजीबाबाद के तहसील में डीएम जसजीत कौर ने आज बड़ी संख्या में गरीबों और बेसहारों को कंबल वितरण किया हजारों की संख्या में लोग पहुंचे और गरीबों को कंबल दिए गए जिला जसजीत कौर भाजपा की नीति है आखिर से आखिर व्यक्ति को सहायता पहुंचनी चाहिए इसी कड़ी में कंबल वितरण किए गए कंबल वितरण समारोह में जिलाधिकारी एसडीएम तहसीलदार नायक तहसीलदार भाजपा जिला अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख और बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे ।

# जलालाबाद में आंखों के निशुल्क कैंप का आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर की नगर पंचायत जलालाबाद में मौहल्ला पासबान निवासी मास्टर मौ० अकरम के निवास स्थान पर उनके पुत्र मौहम्मद आदिल के सौजन्य व सी. एल. गुप्ता आई इंस्टीट्यूट मुरादाबाद द्वारा आंखों की जांच का निशुल्क शिविर का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया शिविर में करीब 225 मरीजो की आंखों की जाँच की गयी और साथ ही मुफ्त दवाईयाँ वितरित की गयी। जांच में 35-40% लोग मोतिया बिंद के मरीज पाये गये जिनको आपरेशन के लिए सुझाव दिया गया। साथ ही हस्पिटल को ओर से जरूरतमंद लोगो के लिए फ्री आपरेशन व आने जाने, खाने पीने को सुविधा प्रदान की गई। आज शिविर से 6-7 लोगो को आपरेशन के लिए अस्पताल भेजा गया। शिविर में अस्पताल की ओर से 10-15 लोगो का स्टाफ मौजूद रहा। जिसका संचालन सौरभ राज सिंह व संत्यप्रकाश शर्मा द्वारा किया गया साथ मे रवि शर्मा आयुश भटनागर, दर्शन यादव, हरीश आदि लोग मौजूद रहे।शिवर कैंप आयोजक मौ० आदिल व उनकी पूरी टीम में मोहम्मद शारीक मोहम्मद साकिब, मोहम्मद आजम, मुहम्मद अतीफ, सलमान जैदी, फैजान रजा, सद्दाम अंसारी, अजीम हाशमी, खुर्रम खान शहजाद अंसारी सालिम रजा रहे जिन्होंने एक जुट होकर सराहनीय कार्य किया जिसकी लोगों ने जमकर तारीफ की।

# चार जनवरी को बिजनौर आयेंगे कैबिनेट मंत्री

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर।** ग्राम शेखपुरा स्थित माया देवी पंडित कन्या इंटर कॉलेज व सुरेश चंद्र शर्मा पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में सुनील शर्मा कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मुख्य अतिथि के रूप में बिजनौर पहुंचेगे। साहित्य विहार निवासी डॉ. मोहित शर्मा ने बताया कि 4 जनवरी को मंत्री के आगमन पर उनके साहित्य विहार स्थित निवास पर स्वागत कार्यक्रम के पश्चात मंत्रीजी विद्यालय के लिए प्रस्थान करेगे। विद्यालय के बच्चो द्वारा होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान उनका उत्साहवर्धन करने के साथ साथ मंत्री सुनील शर्मा वहाँ उपस्थित समस्त जन समुदाय का भी मार्गदर्शन करेगे। राजीव शर्मा दानी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अपनी पंचायत में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अनेक ग्रामप्रधानों को भी मंत्री श्री शर्मा व विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यालय की अनेकों गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों, छात्र व छात्राओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा। वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को भी मंत्री जी विशेष रूप से सम्मानित करेंगे। विद्यालय में वार्षिक समारोह की तैयारिया काफी जोरशोर से चल रही छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक, देशभक्ति, नारी सशक्तिकरण के अलावा अनेक रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जाएँगे।

# सड़क हाईवे पर केक काटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस ने युवको को हिरासत मे लिया




**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद क्षेत्र मे सड़क हाईवे पर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई जिसमें थाना नजीबाबाद क्षेत्रान्तर्गत हरिद्वार से कोटद्वार जाने वाले हाईवे पर कुछ युवक द्वारा बीच रोड पर जन्म दिन का केक काटा जा रहा है जिससे यातायात बाधित हो रहा था थाना नजीबाबाद पुलिस द्वारा तत्काल वीडियो का संज्ञान लेकर जाँच पड़ताल की गयी तो नौमान पुत्र यासीन निवासी ग्राम मौज्जमपुर तुलसीगढी थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर द्वारा नववर्ष के अवसर पर नौमान अपने दोस्तों के साथ बीच हाईवे पर बुलेट मोटरसाईकिल-वढ20उश4158 खड़ी कर उस पर केक रखकर काट रहे थे तथा नौमान के सभी दोस्त मार्ग को अवरूद्ध कर हुड़दंग कर रहे थे, जिससे हाईवे पर जाम की स्थिति बन गयी इस संबंध में थाना नजीबाबाद पुलिस द्वारा हाईवे पर हुड़दंग मचा रहे सभी 10 युवकों को पुलिस हिरासत में लिया गया तथा बुलेट मोटरसाईकिल वढ20उश4158 को 207 एमवी एक्ट में सीज कर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है हिरासत मे लिए गए व्यक्ति 1. नोमान पुत्र यासिन निवासी ग्राम मौज्जमपुर तुलसीगढी थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर 2. अमीर पुत्र नईम निवासी ग्राम मौजमपुर तुलसी गढ़ी थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर 3. अरमान पुत्र यामिन निवासी ग्राम मौजमपुर तुलसी गढ़ी थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर 4. शादान पुत्र विकार अहमद निवासी ग्राम मौजमपुर तुलसी गढ़ी थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर 5. शादमान पुत्र इस्लाम निवासी पूरनपुरगढ़ी थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर 6. आशु पुत्र राजपाल निवासी पूरनपुरगढ़ी थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर 7. वंश पुत्र राजाराम निवासी पूरनपुरगढ़ी थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर 8. अबुजर पुत्र राशिद निवासी पूरनपुरगढ़ी थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर 9. सोनू पुत्र रहीस निवासी ग्राम पूरनपुरगढी थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर। 10. लवी कुमार पुत्र कोमल सिंह निवासी ग्राम पूरनपुरगढी थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक मौ० कय्युम थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर उप निरीक्षक अनीस अहमद थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर हेड कांस्टेबल भारत मलिक थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर आदि।

# नगर पालिका बाड़ी के अधिशाषी अधिकारी अस्थाई अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त एक्शन में

**वेलकम इंडिया**



**बाड़ी धौलपुर।** बाड़ी नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा द्वारा नगर क्षेत्र में बढ़ते अस्थाई अतिक्रमण पर सख्ती बरतते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दुकानों व प्रतिष्ठानों के सामने किए गए अस्थाई अतिक्रमण के विरुद्ध 400 दुकान प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए गए हैं। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि कई दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठान के आगे पटिया, तख्ती, बेंच, भट्टी, मेज, त्रिपाल, कुर्सी, स्टूल आदि रखकर सार्वजनिक मार्ग व फुटपाथ पर अस्थाई अतिक्रमण किया जा रहा है, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने संबंधित दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे ऐसे सभी अस्थाई अतिक्रमण को शीघ्रातिशीघ्र स्वयं हटा लें, अन्यथा नगर पालिका द्वारा चालानी कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण को ध्वस्त किया जाएगा। अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा ने शहरवासियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक संपत्ति का संरक्षण करें एवं नगर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाए रखने में नगर पालिका का सहयोग करें।

# विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**वेलकम इंडिया**

**धौलपुर।** 220 केवी जीएसएस धौलपुर पर 132, 33 केवी 40, 50 एमवीए ट्रांसफॉर्मर के और 33 केवी इनकमर-तृतीय के सर्किट ब्रेकर के मरम्मत व रख-रखाव होने के कारण 4 जनवरी रविवार को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशाषी अभियन्ता 220 केवी जीएसएस धौलपुर संध्या चौहान ने बताया कि 4 जनवरी रविवार को 220 केवी जीएसएस धौलपुर से निकलने वाले 33 केवी डांग बसई के सरानीखेड़ा, करीमपुर, जाकी की प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक, 33 केवी धौलपुर के धौलपुर शहर, भामतीपुरा, लाल बाजार, पुराना शहर व जगन टॉकीज की प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 तक तथा 33 केवी सैपऊ के सैपऊ, बसई नवाब व तसीमो की दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।



# सड़क सुरक्षा अभियान 31 जनवरी तक होगा जिले में संचालित

**वेलकम इंडिया**



**धौलपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 सड़क सुरक्षा अभियान जिले में 1 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक संचालित होगा। इस दौरान जिले में सड़क सुरक्षा के मद्देनजर विभिन्न गतिविधियां संचालित की जायेंगी। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने सड़क सुरक्षा अभियान की सफलता के लिये विभिन्न विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिला कलक्टर के अनुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के लिये इस वर्ष की थीम ह्यसीख से सुरक्षा, टेक्नोलॉजी से परिवर्तनह्य के मद्देनजर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये विभिन्न गतिविधियां की जायेगी। इसके तहत जिला परिवहन विभाग, पीडब्ल्यूडी और यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं एवं मृत्यु दर में कमी लाने के लिये अपेक्षित कार्यवाही की जायेगी। परिवर्तन एवं मॉनिटरिंग के साथ-साथ सड़क सुरक्षा मानकों के आधार पर गत वर्ष के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले के हाई रिस्क कोरिडोर्स पर शून्य मृत्यु दर के लिये उपाय किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि हाइवे सड़क किनारे पर संचालित अवैध वाहन धुलाई सेंटरों को हटवाया जाना सुनिश्चित करें। वाहन चालकों की आंखों का परिक्षण किया जाए। जिले में संचालित बालवाहिनीयों की बैठक आयोजित कराई जाएं। कार्यशाला आयोजित कर माल वाहक वाहनों के चालकों एवं अन्य चालकों का प्रशिक्षण दिया जाना सुनिश्चित करें। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि सड़कों पर साईन बोर्ड, सड़क चिन्हों तथा स्पीड ब्रेकर, आपातकालीन सेवाओं का उपयोग, सड़क डिजाईन और रखरखाव प्रोटोकॉल में सुरक्षा को प्राथमिकता व्यापक जन जागरूकता अभियान, सड़क सुरक्षा चैम्पियन और भले मददगार व्यक्तियों का सम्मान, पैदल यात्रियों, साईकिल सवारों तथा दुपहिया वाहन चालकों हेतु विशेष जागरूकता अभियान, रोड़ सेफ्टी हेतु प्रतियोगिता आयोजित करने सहित विभिन्न गतिविधियां की जायेगी। इसके लिये जिला परिवहन अधिकारी को नोडल और पीडब्ल्यूडी एसई व यातायात वृत्ताधिकारी को सहायक नोडल नियुक्त किया गया है। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला स्तर पर सड़क सुरक्षा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर ने बताया कि 3 जनवरी को उच्च माध्यमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण, 4 जनवरी को सड़क सुरक्षा साइकिल रैली तथा 5 जनवरी को प्रमुख पार्को में वरिष्ठ नागरिकों, आगन्तुकों के साथ सड़क सुरक्षा पर चर्चा एवं सड़क सुरक्षा पेम्पलेट आदि का वितरण किया जाएगा।

# जगदम्बिका पाल जनता के प्रति समर्पित ऐसे नेता हैं, जिनकी बात दिल्ली से लखनऊ तक सुनी जाती है : मंत्री एके शर्मा

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**तुलसियापुर/सिद्धार्थनगर।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने लोकसभा क्षेत्र डुमरियागंज (सिद्धार्थनगर) के सांसद जगदम्बिका पाल के जन्मदिवस के अवसर पर शुक्रवार को तुलसियापुर में आयोजित जन्मदिवस अभिनन्दन समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जनसेवा और सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए लगभग 4000 गरीब एवं जरूरतमन्द परिवारों को कम्बल वितरित किये गये।

मंत्री ए0के0 शर्मा ने स्वयं कई गरीब परिवारों को अपने हाथों से कम्बल प्रदान कर सेवाभाव का सन्देश दिया। अपने सम्बोधन में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने सांसद जगदम्बिका पाल को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जगदम्बिका पाल जनता के प्रति पूर्णतः समर्पित ऐसे जननेता हैं, जिनकी बात दिल्ली से लेकर लखनऊ तक गम्भीरता से सुनी जाती है। उन्होंने कहा कि सांसद पाल की प्राथमिकता हमेशा क्षेत्र का विकास और आमजन की भलाई रही है। मंत्री ए0के0 शर्मा ने बताया कि नगर विकास विभाग द्वारा सिद्धार्थनगर जनपद में लगभग 2000 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य कराये गये हैं, जिनमें से आधे से अधिक कार्य सांसद जगदम्बिका पाल की अनुशंसा पर स्वीकृत और पूर्ण हुए हैं। इसके साथ ही विद्युतीकरण के क्षेत्र में भी उनके सतत प्रयासों से अनेक मजरों और गांवों में बिजली पहुंचाई गई, जिससे ग्रामीण जीवन में बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है। मंत्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि नये बर्ष और जन्मदिवस जैसे अवसरों पर विदेश या पर्यटन स्थलों पर न जाकर जनता के बीच रहकर उत्सव मनाना, उनके जनसेवक होने का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि जब नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे, तब भारत विश्व की ग्यारहवीं अर्थव्यवस्था था, जबकि आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि उन्होंने राजनीति को कभी सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं माना, बल्कि इसे जिम्मेदारी, सेवा और कर्तव्य के रूप में स्वीकार किया है। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साधना चौधरी, चेयरमैन गोविन्द माधव, जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, भाजपा नेता श्याम जायसवाल, चेयरमैन बढ़नी सुनील अग्रहरि, चेयरमैन प्रतिनिधि शोहरतगढ़. रवि अग्रवाल, अनिल अग्रहरि सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहें।

# देर रात गांव अटूटा में भीषण अग्निकांड आधा दर्जन पशु गंभीर रूप से झुलसे

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जनपद के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र अंतर्गत गांव अटूटा में बीती देर रात करीब 3 बजे एक भीषण अग्निकांड की घटना सामने आई। गांव निवासी रणकेश के घर में अचानक आग लग गई, जिससे वहां बंधे पशुओं में अफरा-तफरी मच गई।

इस दर्दनाक हादसे में तीन गाय, दो बछिया एवं एक भैंसा गंभीर रूप से झुलस गए। आग की लपटें उठती देख और पशुओं की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया।घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। इसके साथ ही पशुपालन विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची, जहां झुलसे हुए पशुओं का प्राथमिक उपचार कराया जा रहा है।

आग की इस घटना से पशु स्वामी एवं उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस प्रशासन एवं संबंधित विभाग मामले की जांच में जुटे हुए हैं।घटनास्थल पर बाबूगढ़ पुलिस के साथ-साथ तहसील प्रशासन की ओर से लेखपाल भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

## सार संक्षेप

### मिशन शक्ति टीम ने महिलाओ व बालिकाओं को किया जागरूक




**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**उसका/सिद्धार्थनगर।** शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक उसका बाजार हरें कृष्ण उपाध्याय व साइबर थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ग्राम-पुरैना में जाकर मिशन शक्ति एवं एण्टी रोमियों की टीम द्वारा यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई व उनकी समस्याओं को सुना गया,उचित परामर्श के साथ काउन्सलिंग किया गया ।बहू-बेटी सम्मेलन लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया ।साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज-5.0 के विषय में महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया ।इस दौरान मिशन शक्ति टीम के उ0नि0 जयप्रकाश पाण्डेय???, योगेंद्र यादव , मुख्य आरक्षी अनिल चौहान, धर्मेन्द्र शाह , महिला आरक्षी कालिंदी यादव आदि मौजूद रहें।

### लापता बालक को मिशन शक्ति टीम की पुलिस ने तीन घंटे में खोज निकाला



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** घर के पास से लापता हुए 12 साल के बालक को जनपद की मिशन शक्ति टीम की पुलिस ने महज तीन घंटे के अंदर सकुशल तलाश कर परिजनों को सौंप दिया।थाना सिद्धार्थनगर की पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि बारह वर्षीय अनुष द्विवेदी उर्फ हेमंत द्विवेदी घर के पास से लापता हो गया है। थानाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने तत्काल ऑपरेशन त्रिनेत्र के माध्यम से लगवाए गए सीसीटीवी कैमरों से व स्थानीय लोगों के मदद से खोजबीन शुरू की। तीन घंटे की मशक्कत के बाद बच्चे को सकुशल तलाश लिया गया और परिजनों को सौंप दिया गया। बच्चे के परिजनों ने पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की गई।

### श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के डा0 जावेद कमाल बने जिलाध्यक्ष

**वेलकम इण्डिया /असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गौड़ ने जिला सिद्धार्थनगर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से डा. जावेद कमाल को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। डा. जावेद कमाल को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर पत्रकार असदुल्लाह सिद्दीकी, प्रदीप वर्मा, जितेन्द्र कुमार, शिवेंद्र पांडे, डा के पी पांडे, अब्दुल मोबीन हमदम, डा मसूद अख्तर, डा हेमंत चौरसिया, डा रफीउद्दीन खान, अविनाश शुक्ला,मनोज कुमार भगवान जी, डा अहमद हुसैन आदि ने खुशी का इजहार करते हुए डा. जावेद कमाल को बधाई दी।

# कड़ाके की ठंड में राहत अभियान तेज, रैन बसेरों में समुचित इंतजाम



**वेलकम इंडिया/खालिद खान**

**बरेली।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए नगर निगम ने शहर में स्थायी व अस्थायी रैन बसेरों में लोगों के ठहरने के लिए समुचित व्यवस्थाएं की हैं। अपर नगर आयुक्त शशि भूषण ने बताया कि ठंड से प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए नगर निगम पूरी तरह अलर्ट है। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि रैन बसेरों तक लोगों को पहुंचने में किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए नगर निगम मार्केट, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित प्रमुख स्थानों पर दिशा-सूचक बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे जरूरतमंद आसानी से रैन बसेरों तक पहुंच सकें। शशि भूषण ने बताया कि सक्षम स्तर से विशेष समिति का गठन किया गया है, जो प्रतिदिन शहर का भ्रमण कर खुले में सो रहे लोगों को चिन्हित कर रैन बसेरों तक पहुंचा रही है। रैन बसेरों में ठहरने वालों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। ठंड से बचाव के लिए नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए लगातार जलौनी लकड़ियां डाली जा रही हैं, ताकि सर्द रातों में राहगीरों और जरूरतमंदों को राहत मिल सके। अपर नगर आयुक्त ने आमजन से अपील की है कि ठंड के मौसम में खुले में सोने से बचें और नजदीकी रैन बसेरों में आश्रय लें, ताकि शीतलहर के दुष्प्रभाव से बचा जा सके।

# कैंट में नाबालिग दलित को निर्वस्त्र कर बेरहमी से पीटा, वीडियो बनाकर किया वायरल

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र में दबंगई और अमानवीयता की हदें पार करने वाला मामला सामने आया है। दबंग युवकों ने एक नाबालिग दलित किशोर का घर के पास से जबरन अपहरण कर उसे निर्वस्त्र कर बेरहमी से पीटा। यही नहीं, आरोपियों ने इस घिनौनी वारदात का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना के बाद से नाबालिग मानसिक रूप से बेहद आहत है और डिप्रेशन में चला गया है।

पीड़ित की मां की तहरीर पर कैंट पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सभी आरोपी घटना के बाद से फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। कैंट थाना क्षेत्र के सदर स्थित बाल्मीकि मोहल्ले का रहने वाला पीड़ित किशोर मजदूर परिवार से है। नाबालिग की मां ने पुलिस को बताया कि 31 दिसंबर की रात करीब उनका 16 वर्षीय बेटा घर के बाहर टहल रहा था, तभी आहिर मोहल्ला निवासी मुकुल यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव, सुभाष यादव उर्फ एडी, सुल्तान पुत्र मंगल सिंह, आयुष पुत्र अमित और बासु वहां पहुंचे।

आरोप है कि सभी ने मिलकर किशोर को जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाया और उसे चनेहटा रोड स्थित तालाब के किनारे ले गए। वहां तमंचा और चाकू दिखाकर उसे बुरी तरह पीटा गया। इसके बाद उसे पूरी तरह निर्वस्त्र कर फिर से मारपीट की गई और इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया गया। किसी तरह पीड़ित ने आरोपियों से अपनी नेकर छीनकर जान बचाई और मौके से भाग निकला। घर पहुंचकर उसने पूरी घटना अपने माता-पिता को बताई। चर्चा है कि पीड़ित किशोर की मुकुल यादव से कुछ दिन पहले इंस्टाग्राम पर मामूली कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश में मुकुल ने उसे 15 जनवरी तक जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद से आरोपी उसे तलाश रहे थे, जबकि नाबालिग ने इस विवाद को मामूली समझकर नजरअंदाज कर दिया। इसी रंजिश के चलते दबंगों ने इस अमानवीय घटना को अंजाम दिया।इस घटना के बाद से सभी आरोपी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

कैंट इंस्पेक्टर राजेश कुमार यादव ने बताया कि आरोपियों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि इस मामले का आरोपी सुल्तान बीते साल जनवरी में कचहरी परिसर में घुसकर अधिवक्ता राजाराम सोलंकी पर फायरिंग कर चुका है। पहला फायर मिस होने के बाद दूसरा फायर दीवार में जा लगा था। तीसरा फायर करने से पहले ही अधिवक्ताओं ने उसे पकड़ लिया था और कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया था।

### बिना अनुमति के लॉटरी टिकट बेचने पर डीएम सख्त

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने उत्तरायणी मेले में मेलार्थियों को मेले के दौरान आकर्षक उपहार दिलाने हेतु चलाई जा रही लॉटरी पद्धति को बिना प्रशासनिक स्वीकृति के अवैध घोषित कर दिया है। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने उत्तरायणी मेले में निजी लोगों द्वारा लॉटरी टिकट बेचकर आकर्षक पुरुष्कार दिए जाने का प्रलोभन देने के मामले में सख्ती बरतते हुए लॉटरी टिकट बेचे जाने पर तत्काल रोक लगा दी है।साथ ही पुलिस को भी ऐसे लोग जिनके द्वारा बिना प्रशासनिक स्वीकृति के टिकट बेचे जा रहे हैं।उन्हें सभी लोगो को टिकट राशि वापस देने के निर्देश दिए हैं।

# सत्यकाम इंटरनेशनल स्कूल विवादः एडवोकेट अनुज शर्मा सहित चार वकीलों और 9 अन्य पर मुकदमा दर्ज, स्कूल 22 तारीख से बंद

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**

**मेरठ।** सत्यकाम इंटरनेशनल स्कूल से जुड़े विवाद ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। एडवोकेट अनुज शर्मा सहित एडवोकेट विजय कुमार तेवतिया, एडवोकेट सुशील कुमार शर्मा, एडवोकेट शगुन मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, जिससे शिक्षा जगत में हलचल मच गई है। इसके अतिरिक्त, अमनप्रीत कौर, नीलू गर्ग, डॉ. पारुल चौधरी, डॉ. पूजा गुप्ता, विजय कुमार, सिमरन त्रिखा, सचिन कुमार, विवेक शर्मा, पूनम शर्मा सहित अन्य के विरुद्ध भी कार्रवाई हुई है। 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए स्कूल 22 तारीख से बंद है, जिसके कारण बोर्ड परीक्षाओं की निकटता पर अभिभावक चिंतित हैं। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और भविष्य असमंजस में है।

प्रिंसिपल रश्मि मिश्रा को सेवा से समाप्त कर दिया गया है, जिनकी जगह अब नेहा आनंद को सत्यकाम इंटरनेशनल स्कूल का कार्यभार सौंपा गया है। नए प्रिंसिपल के नेतृत्व में स्कूल संचालन संबंधी समस्याओं का शीघ्र समाधान निकलने की उम्मीद है। स्कूल दोबारा खुलने की तिथि तथा 10वीं-12वीं के छात्रों की पढ़ाई व परीक्षा तैयारी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर जल्द अपडेट जारी किया जाएगा स्कूल के ट्रस्टी द्वारा सभी अभिभावकों, स्टाफ और हितधारकों से अपील कि गई कि वे धैर्य बनाए रखें। प्रशासन और स्कूल प्रबंधन छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए कदम उठा रहे हैं। स्थिति सामान्य होने पर तत्काल सूचना दी जाएगी।

# नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया प्रयागराज की नई जिला कार्यकारिणी 2026-27 घोषित

**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया (एनयूजेआई) प्रयागराज जिला इकाई की सत्र 2026झ27 की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा वर्तमान जिला संरक्षक पवन द्विवेदी की देखरेख में की गई। नई कार्यकारिणी का कार्यकाल दो वर्षों का होगा और यह 1 जनवरी 2026 से प्रभावी हो गई है।

जिला इकाई द्वारा 1 नवंबर से 15 दिसंबर तक चलाए गए सदस्यता अभियान में जिले के बड़ी संख्या में पत्रकारों ने सदस्यता ली, जिससे नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया प्रयागराज जिले का सबसे अधिक सदस्यता वाला पत्रकार संगठन बनकर उभरा है। संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस बार नौ सदस्यीय वरिष्ठ पत्रकारों की सलाहकार समिति (एडवाइजरी बोर्ड) का भी गठन किया गया है।

घोषित नई जिला कार्यकारिणी में पवन द्विवेदी जिला संरक्षक, कुन्दन श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष, मुलायम सिंह विशेन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. सुधाकर पाण्डेय, धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव (प्रभार सोशल मीडिया), सुशांत त्रिपाठी (जिला एवं पुलिस प्रशासन), मधुर दरबारी (जिला एवं पुलिस प्रशासन), वी.के. यादव, मो. रिजवान, मो. शाहिद (कार्यक्रम प्रभारी), मो. असद कुरैशी, रजीत निषाद, अशफी खान, राम बाबू, संतोष सिंह (जिला एवं पुलिस प्रशासन) उपाध्यक्ष, अखिलेश शुक्ला महामंत्री, चित्रांशी यादव संगठन मंत्री, मनोज कुमार कोषाध्यक्ष, मनीष द्विवेदी प्रवक्ता, पवन देव सह प्रवक्ता, शनी केसरी वरिष्ठ मीडिया प्रभारी, शुभम मालवीय, मृत्युंजय सिंह, दुर्गेश सिंह सह मीडिया प्रभारी, शिव पाण्डेय, देवेंद्र शुक्ला (जिला एवं पुलिस प्रशासन), अनिरुद्ध त्रिपाठी (जिला एवं पुलिस प्रशासन), मो. नसीम, देवाशीष श्रीवास्तव, मूलचंद्र भारती, अमित श्रीवास्तव (प्रचार-प्रसार एवं प्रोटोकॉल), सैय्यद सुहैल हनीफ, शीतला तिवारी, चंद्रशेखर सिंह, जितेंद्र सिंह, भालचंद्र पाण्डेय मंत्री बनाए गए हैं।इसके साथ ही नैनी (जमुना पार) क्षेत्र के प्रभारी इशरत अली व सह प्रभारी मनीष पटेल, मेजा क्षेत्र में राम कैलाश कन्नौजिया प्रभारी, राकेश पाल व रतन कुमार सह प्रभारी तथा गंगा पार क्षेत्र के प्रभारी रतन शुक्ला व सह प्रभारी आदर्श दूबे नियुक्त किए गए हैं। घोषित सलाहकार समिति (एडवाइजरी बोर्ड) में उमेश श्रीवास्तव, गिरीश पाण्डेय, अश्वनी श्रीवास्तव, जिया सिद्दीकी, जे.एन. यादव, नदीम सिद्दीकी, ओ.पी. राजपाल, आनंद श्रीवास्तव एवं वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव शामिल हैं।

# फरीदपुर विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल का हार्ट अटैक से निधन

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**



**बरेली।** फरीदपुर विधानसभा से भाजपा विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल का शुक्रवार को हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से जिले में शोक की लहर दौड़ गई। समर्थकों, नेताओं और आम लोगों में गहरा दुख व्याप्त है। डॉ. श्याम बिहारी लाल शुक्रवार को सर्किट हाउस, बरेली में आयोजित पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह की बैठक में शामिल होने पहुंचे थे।

बैठक समाप्त होने के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। सांस लेने में तकलीफ होने पर वह सर्किट हाउस में ही लेट गए। आराम न मिलने पर उन्हें पीलीभीत बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें बचाने के हर संभव प्रयास किए, लेकिन कुछ ही देर बाद उन्होंने दम तोड़ दिया।

डॉ. श्याम बिहारी लाल फरीदपुर विधानसभा की सुरक्षित सीट से लगातार दूसरी बार विधायक चुने गए थे। 2017 में उन्होंने सियाराम सागर को हराकर पहली बार जीत दर्ज की थी। 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने सपा प्रत्याशी को पराजित कर दोबारा जीत हासिल की और फरीदपुर विधानसभा का इतिहास बदल दिया। कहा जाता है कि आजादी के बाद से फरीदपुर सीट पर कोई भी प्रत्याशी लगातार दो बार जीत दर्ज नहीं कर सका था। डॉ. श्याम बिहारी लाल ने यह कीर्तिमान स्थापित किया। डॉ. श्याम बिहारी लाल रूहेलखंड विश्वविद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर रह चुके थे। शिक्षाविद् से जनप्रतिनिधि बने डॉ. श्याम बिहारी लाल को सरल स्वभाव और साफ छवि के नेता के रूप में जाना जाता था। गौरतलब है कि 1 जनवरी को ही उन्होंने समर्थकों के साथ अपना जन्मदिन मनाया था। विधायक के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

### रहस्यमय ढंग से 16 दिन के बच्चे की मौत

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के बेनीपुर गांव में बिस्तर पर रजाई ओढ़ कर सो रहे 16 दिन के दुधमुंहे बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।वही इस ह्रदयविदारक घटना ने आसपास के लोगों को झकझोर के रख दिया। जानकारी के अनुसार बेनीपुर गांव निवासी राहुल कुमार की पत्नी सुधा देवी अपने 16 दिन के दुधमुंहे बच्चे को लेकर गुरुवार की रात सो गई।सुबह सुधा उठकर काम धाम में लग गई थोड़ी देर बाद जब बच्चे के पास गई तो देखी बच्चा हरकत नहीं कर रहा है।सुधा आवाज देकर परिवार के अन्य लोगो को बुलाई सभी तुरंत बच्चे को मोहनसराय स्थित एक अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

# शहीदी दिवस पर निकाली शौर्य यात्रा



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** पांडव सेना स्वाभिमान मंच ने शहीदी दिवस की याद में प्रतिवर्ष की भांति एक जनवरी को गांव दुधौला से मनसा देवी मंदिर जाजम पट्टी तक शौर्य यात्रा निकाली गई। जिसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी रहे। जिन्होंने मंशादेवी मंदिर प्रांगण में चेताखेडा की रज नमन कर शहीद वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान मुख्य अतिथि किशन चौधरी का सामाजिक कार्यकताओं ने शॉल उढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह खूंटेला, सुरेन्द्र आर्य, दीवान सिंह कुंतल, धूरेन्द्र शास्त्री,.सियाराम सरपंच, चतुर सिंह प्रधान दौलत प्रधान सहित पांडव सेना स्वाभिमान मंच के अध्यक्ष अभिमन्यु सेना, जिलाध्यक्ष वीरचन्द पहलवान, सचिव रमेश शास्त्री, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह कुन्तल, इन्द्रजीत कुन्तल, प्रताप कुन्तल, नीरज कुन्तल आदि मौजूद रहे।

# मोहल्ला खैल वार्ड- 18 में बदहाल सड़क और जलभराव से नाराज लोग

वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे के मोहल्ला खैल, वार्ड नंबर 18 में सड़क निर्माण न होने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था के अभाव में स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कच्ची सड़क पर जगह-जगह जलभराव होने से आवागमन बाधित हो गया है, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को विशेष दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। इस समस्या को लेकर वार्ड के सभासद पति सहित मोहल्ले के कई लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी शामली को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्लेवासियों का कहना है कि नगर पालिका अध्यक्ष ने चुनाव से पूर्व जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे। उन्होंने कस्बे को पेरिस की तर्ज पर विकसित करने और बिना भेदभाव सभी वार्डों में विकास कार्य कराने का भरोसा दिलाया था, लेकिन चुनाव जीतने के बाद जमीनी स्तर पर हालात इसके बिल्कुल उलट नजर आ रहे हैं। वार्ड नंबर 18 में आज तक न तो पक्की सड़क का निर्माण कराया गया और न ही जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था की गई।सभासद पति फारूक अंसारी के साथ ही मुरसलीन अंसारी, कामयाब, शहजाद, सलीम, शमशाद, सरताज आदि मोहल्लेवासियों ने बताया कि बरसात या थोड़ी-सी बारिश होने पर पूरी सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। पानी भर जाने के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है और बच्चों को स्कूल जाने में भी भारी परेशानी होती है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया।

आरोप लगाया गया कि नगर पालिका अध्यक्ष विकास कार्यों में खुले तौर पर भेदभाव कर रहे हैं। कस्बे के अन्य इलाकों में पहले से बनी पक्की सड़कों को तोड़कर दोबारा निर्माण कराया जा रहा है, जबकि उनके वार्ड में वर्षों से कच्ची सड़क पड़ी है, जिस पर आज तक खड़ंजा तक नहीं लगाया गया। यह स्थिति नियमों और सरकारी दिशा-निर्देशों के भी विपरीत बताई जा रही है।

मोहल्लेवासियों ने जिलाधिकारी शामली को दिए गए शिकायती पत्र में मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और वार्ड नंबर 18 में शीघ्र सड़क निर्माण व जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराई जाए, ताकि लोगों को रोजमर्रा की परेशानी से राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाने पर विचार करेंगे। फिलहाल तो मोहल्ले के लोगों में नगर पालिका के विरुद्ध नाराजगी बनी हुई है।



## खेत जाने के रास्ते को लेकर किसान से मारपीट, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक किसान के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मोहल्ला खेल निवासी रंजीत सैनी ने बताया कि बीती 9 दिसंबर को वह अपने खेत पर जा रहा था। इसी दौरान उसने देखा कि पड़ोसी रामनिवास अपने पुत्र जॉनी तथा मोहल्ले के ही आरिफ व कासिम के साथ मिलकर खेत पर जाने वाले रास्ते में गड्ढे खोद रहे हैं। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और डंडों से मारपीट कर उसे घायल कर दिया।पीड़ित के अनुसार मारपीट की घटना उसके पिता व अन्य पड़ोसियों ने भी अपनी आंखों से देखी। घटना के संबंध में शुक्रवार को पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई, हादसे में चार घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड गाव भारसी के समीप एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई कार में सवार तीन महिलाओं सहित चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर पहुंची 108 एंबुलेंस कर्मचारियों ने घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराय। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

शुक्रवार की सवेरे दिल्ली के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी शहाबुद्दीन अपने परिवार की महिला आयशा, शहनाज व संजीदा के साथ शामली में गमी में शरीक होने के लिए आ रहे थे।कार सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित गांव भारसी के समीप पहुंचा तो कार का बैलेंस बिगड़ गया और अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर खाई में पलट गई। कार चालक सहित तीनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों की चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने कार से बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों प्राथमिक उपचार कर सभी घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर किया है।

## सार संक्षेप

### गरीब और महिला मजदूरों कम्बल वितरित किए



**मथुरा/छाता।** छाता के निकटवर्ती सड़क किनारे रहने वाले मजदूरों और असहाय लोगों के लिए बढ़ती सर्दी को देखते हुए पब्लिक हेल्प सेंटर चेरिटेबल सेंटर के तत्वाधान में वस्त्र वितरण प्रकल्प के द्वारा कम्बल वितरण का कार्य किया गया जिसमें सैकड़ों जरूरतमंदों को कम्बल और गर्म वस्त्र वितरण किए गए। जिनसे कड़कड़ाती ठंड में उनका बचाव किया जा सके उनके प्राणों। को भी ठंड से बचाया जा सके संस्था के प्रभारी सौरभ शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया हर साल कड़कड़ाती ठंड शुरू होते ही कम्बल वितरण सेवा प्रारंभ कर दी जाती है, नर सेवा ही नारायण सेवा है, यह कम्बल सेवा हर उस गरीब के लिए जीवनदायनी साबित होगा जिन पर ठंड से बचने के लिए कोई उपाय नहीं है। गौरव अविरल शास्त्री, बालकिशन, शुभम वार्ष्णेय, प्रखर, निखिल वार्ष्णेय, अंकित वार्ष्णेय, हरीबाबू गुप्ता आदि लोग वितरण में उपस्थित रहे।

### जनपद में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस का सघन पैदल गश्त अभियान



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर जनपद में अपराध नियंत्रण, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी सतुति सिंह एवं थाना प्रभारी देवेंद्र बिष्ट द्वारा मय पुलिस बल गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के अंतर्गत महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, प्रमुख बाजारों एवं मुख्य मार्गों पर सघन पैदल गश्त की गई।पैदल गश्त के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन चेकिंग की तथा आमजन से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने लोगों को आश्वस्त किया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की गश्त एवं चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### बड़ी हवेली में दो दिवसीय श्रीरामायण पाठ, ब्राह्मण भोज के साथ हुआ समापन



**मथुरा/गोवर्धन।** कस्बा के जतीपुरा रोड स्थित बड़ी हवेली में दो दिवसीय श्रीरामायण पाठ का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार प्रातः 9 बजे विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ, जिसके पश्चात रामायण पाठ आरंभ किया गया। शुक्रवार प्रातः 9 बजे रामायण पाठ का विधिवत समापन हुआ। समापन अवसर पर ब्राह्मण भोज एवं प्रसादी का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजक महेश राजपूत ने सपरिवार उपस्थित ब्राह्मणों को गर्म शॉल एवं दक्षिणा भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। रामायण पाठ का सुमधुर व भावपूर्ण वाचन वनबिहारी गोस्वामी द्वारा किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर वनबिहारी गोस्वामी, (बंटी गुरु) मदनमोहन कौशिक, उमेश शर्मा, सुमित गोस्वामी, रवि दुबे, बंटी शर्मा, अनुराग गोस्वामी, राजू कौशिक, प्रियांशी शर्मा, गुनगुन शर्मा, शिवानी शर्मा आदि मौजूद थे।

# जीवन में चेतना-उजाला लाना सार्थक सेवा : मंहत बलरामदास देवाचार्य महाराज

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** भागवत प्रवक्ता चौतन्य हरि चरत जी महाराज, गोवर्धन ने कहा कि वही पूजा सार्थक है, जो मानव कल्याण से जुड़कर जीवन को संवारती है। कल्याणं करोति नेत्र संस्थान द्वारा किसी की दृष्टि लौटाना मात्र एक चिकित्सकीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि उसके भीतर आशा, आत्मविश्वास और नवचेतना का संचार करना है। यह सेवा ईश्वर आराधना के समतुल्य है। नेत्र जीवन का उजास हैं। जब कल्याणं करोति नेत्र संस्थान के प्रयासों से आँखों में पुनः प्रकाश बसता है, तब व्यक्ति केवल संसार को ही नहीं देखता, बल्कि जीवन को नई दृष्टि और नए अर्थ के साथ अनुभव करता है। ऐसे सेवा शिविर समाज में करुणा, सहभागिता और उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त करते हैं, जहाँ सेवा ही कर्तव्य का सर्वोच्च रूप बन जाती है।

यह निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर कल्याणं करोति नेत्र संस्थान के सौजन्य से तथा करुणानिधान सेवा ट्रस्ट, कोलकाता के सहयोग से कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा के प्रांगण में सम्पन्न हुआ।

राजेश अग्रवाल, करुणानिधान सेवा ट्रस्ट, कोलकाता ने कहा कि कल्याणं करोति नेत्र संस्थान ने नेत्र चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में जिस संवेदनशीलता, मानवीय दृष्टिकोण और समर्पण का परिचय दिया है, वह वास्तव में अत्यंत प्रेरणादायक है। संस्था निरंतर जरूरतमंदों के जीवन में प्रकाश लाने का कार्य कर रही है, जो सच्चे अर्थों में समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। हमें गर्व है कि मथुरा जैसी पुण्यभूमि से यह सेवा-मिशन निरंतर आगे बढ़ रहा है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक अपनी पहुँच बना रहा है। विशन चन्द्र अग्रवाल ने कहा कि जिस संवेदनशीलता और करुणा के साथ जरूरतमंदों तक नेत्र चिकित्सा सेवाएँ पहुँचाई जा रही हैं, वह समाज के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि संस्थान का यह मानवीय प्रयास आने वाले समय में और भी अधिक लोगों के जीवन में आशा और प्रकाश का संचार करेगा।

कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कल्याणं करोति नेत्र संस्थान के महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि संस्थान का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक अभाव के कारण अपनी दृष्टि से वंचित न रहे।

# अमेरिका से दशकों के बाद देश की मिट्टी की याद करके वापस लौटे समाजसेवी प्रदीप गौतम

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** अमेरिका में दशकों विभिन्न प्रांतो मैं रहने के बाद देश की मिट्टी की याद करके समाजसेवी उधोगपति प्रदीप गौतम स्वदेश ब्रजभूमि वापस लौट आये है। वापस लौटने पर प्रदीप गौतम ने बताया कि अपने देश की मिटटी का बुलावा आखिर उन्हें और उनके परिवार को वापस खींच लाया है। वे कहते हैं की मैं अमेरिका में प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत था। जहाँ पर मेरे रिटायरमेंट के 22 वर्ष और बचे थे। और वापिसी के बाद यहाँ लौटकर एक उच्च पद पर किसी मेट्रो मैं सेटल होना पहला विकल्प हो सकता था। लेकिन मेरी अंतरात्मा ने मुझे श्री गिरिराज धाम में वास करने की प्रेरणा दी। मैं खुद को एक कर्मयोगी मानता हूँ। मेरा सपना यहाँ अपने लोगो के लिए कुछ नया विकसित करने का है। इसी कड़ी मैं मैंने पहला उद्यम एक एटीवी एवं डर्ट बाइक ऑफ रोडिंग ट्रैक रोअरिंग सेंड्स नाम से स्थापित किया है। जो की राधाकुंड बरसाना मार्ग पर है। एवं एक अत्याधुनिक इंटरनेशनल स्टैण्डर्ड सुविधाओं से युक्त होटल प्रेयरी लैंड गोवर्धन दानघाटी मंदिर के पास निमार्णाधीन है।

# ग्राम मुबारिकपुर फायरिंग प्रकरण पर क्षेत्राधिकारी नगर का आधिकारिक बयान

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह




**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के ग्राम मुबारिकपुर में हुई फायरिंग की घटना के संबंध में क्षेत्राधिकारी नगर ने आधिकारिक वक्तव्य जारी किया है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त होते ही थाना बाबूगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया गया।क्षेत्राधिकारी नगर ने कहा कि प्रारंभिक जांच में आपसी विवाद को घटना का कारण माना जा रहा है। पुलिस द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए गए हैं तथा संबंधित पक्षों से पूछताछ की जा रही है। फायरिंग में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी एवं अभियुक्तों की पहचान के लिए विशेष टीम गठित की गई है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।क्षेत्राधिकारी नगर ने आमजन से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। मामले की जांच प्रगति पर है और शीघ्र ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा।

## जय नारायण क्रिकेट अकादमी वाराणसी तीन विकेट से मैच जीती

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** खोचवा गांव (रूपापुर) स्थित सूर्या पार्क मैदान में खेले जा रहे स्वर्गीय बाबू रामखेलावन सिंह स्मृति राज्य आमंत्रण क्रिकेट प्रतियोगिता नौवें दिन शुक्रवार को मैच वीएनएम क्रिकेट एकडमी वाराणसी और जय नारायण क्रिकेट अकादमी वाराणसी के बिच 20-20 ओवरो का खेला गया। जिसमें जय नारायण क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बालिंग करने का निर्णय लिया जिसमें वीएनएम क्रिकेट अकादमी ने 20 ओवरों में 192 रन बनाए जिसमें रौनक ने 32 गेंद पे 71 रन और विकास ने 14 गेंद 29 रन बनाए जय नारायण क्रिकेट एकडेमी के तरफ से आशुतोष ने 4 ओवार 34 रन देकर 2 विकेट लिये जवाब में जय नारायण क्रिकेट अकादमी ने 7 विकेट खोकर 198 रन बनाकर मैच 3 विकेट से मैच जीत लिया जय नारायण क्रिकेट एकेडमी वाराणसी के तरफ से दीपक ने 12 गेंद पर 41 रन बनाए जिसमें 05 छक्के और 01 चौका सामिल था और वात्सल्य ने 20 गेंद पर 37 रन बनाये जय नारायण क्रिकेट एकेडमी के तरफ से दीपक को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# अटल आवासीय विद्यालय के लिए 31 जनवरी 2026 तक किए जा सकेंगे आवेदन

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** अटल आवासीय विद्यालय ग्राम कोरई, किरावली, जनपद आगरा में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छह एवं कक्षा नौ में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रवेश परीक्षा 22 फरवरी 2026 को आयोजित होगी।

सहायक श्रमायुक्त एम.एल.पाल ने बताया की अटल आवासीय विद्यालय सीबीएसई पैटर्न पर आधारित पूर्णतः आवासीय शिक्षण संस्थान है, जिसमें बालक एवं बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक छात्रावास की व्यवस्था है। विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा के साथ यूनिफार्म, पाठ्य पुस्तकें, भोजन एवं आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। विद्यालय में कक्षा 6 के लिए कुल 160 सीटें एवं कक्षा 9 के लिए 60 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा, जिसमें पूर्व से अध्ययनरत छात्र-छात्राएं भी सम्मिलित है। प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आगरा मंडल के सभी जनपदों के श्रम कार्यालयों एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते है। संबंधित जनपद की एनआईसी वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड किए जा सकते है। आवेदन 31 जनवरी तक शाम 5 बजे तक प्राप्त एवं जमा किए जा सकेंग। प्रवेश परीक्षा 22 फरवरी को आयोजित होगी।

यह है पात्रताः 1. ऐसे अभ्यर्थी जिनके माता-पिता विधिवत पंजीकृत निर्माण श्रमिक हों और 30 नवंबर 2025 तक कम से कम तीन वर्ष की बोड सदस्यता पूर्ण कर चुके हों। प्रति परिवार अधिकतम दो बच्चे पात्र होंगे। 2.कोविड़ से अनाथ हुए वे बच्चे, जिनका पंजीकरण महिला एवं बाल विकास विभाग में हो अथवा जो मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना(सामान्य) के अंतर्गत पात्र हों। 3. आयु सीमा के अनुसार कक्षा 6 के लिए अभ्यर्थी का जन्म 1 मई 2014 से पहले एवं 31 जुलाई 2016 के बाद न हुआ हो। वही कक्षा 9 के लिए जन्म तिथि 1 मई 2011 के बाद न हो। 4. कक्षा 6 में प्रवेश हेतु अभ्यार्थी का कक्षा 5 उत्तीर्ण अथवा वर्तमान सत्र में कक्षा 5 में अध्ययनरत होना जरूरी है। कक्षा 9 में प्रवेश हेतु 8 उत्तीर्ण अथवा कक्षा 8 में अध्ययनरत होना जरूरी है।

## रास्ते के विवाद में मारपीट, पिता-पुत्र घायल, मुकदमा दर्ज

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के भेड़हा गांव में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गया।जिसमें एक पक्ष से पिता-पुत्र घायल हो गए।घटना गुरुवार की रात की बताई गई। जानकारी के अनुसार भेड़हा गांव (मिजार्मुराद) निवासी मुन्ना लाल शुक्रवार को मिजार्मुराद पहुंच गांव के ही प्रभु, आशीष, श्रीप्रकाश व गुड्डू के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का तहरीर दिया।तहरीर देकर बताया कि ये सभी रास्ते पर आने जाने से मना कर रहे गुरुवार की रात जब में जा रहा था उसी समय गोलबनकर चारों विवाद करने लगे उसके बाद लाठी-डंडा लेकर मारने-पीटने लगे मुन्ना लाल ने बताया कि बीच बचाव करने आए पुत्र सुजीत को भी बुरी तरह मारपीट घायल कर दिये।

# सीपी के आदेश पर 14 पर दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज

संदीप तिवारी/ वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद पुलिस ने सीपी मोहित अग्रवाल के आदेश पर शुक्रवार की देर शाम विवाहिता बबिता देवी द्वारा दिये गए प्रार्थना पत्र पर 14 ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न समेत गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई।

जानकारी के अनुसार डोमैला गांव (मिजार्मुराद) निवासी लालमन सोनकर अपनी पुत्री बबिता देवी की शादी 2016 में 29 जनवरी को जौनपुर जिले के बरसठी थाना क्षेत्र के गणेशपुर (रामचन्दरपुर) निवासी गुलाब सोनकर के पुत्र मुकेश सोनकर के साथ बड़े ही धूमधाम से किये थे। पीड़िता बबिता देवी ने सीपी मोहित अग्रवाल के यहां प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाई की शादी के एक साल बाद पति से एक पुत्री हुई।पुत्री होने के बाद ससुराल के सभी लोग आए दिन दहेज में पांच लाख रुपया व एक अपाचे बाइक की मांग कर के प्रताड़ित करने लगे और बोले अगर दहेज में ये सब नही मिलेगा तो चली जाओ ससुरालियों के कहां हम दूसरी शादी कर देंगे लड़के की इस सब बातों के बाद भी में ससुराल में रही और पति से एक पुत्र भी 2019 में हुआ।वही देवर द्वारा अक्सर अश्लीलता हरकते किया जा रहा था।ससुरालियों द्वारा दहेज की मांग पूरा न करने पर 2022 में मारपीट कर घर से मायके भेज दिया गया तब से दोनों बच्चों के साथ मायके में रह रही थी।इसी बीच पता चला कि की पति मुकेश सोनकर ने मेरे रहते दूसरी शादी कर लिया है।जिसकी शिकायत लेकर बरसठी थाने (जौनपुर) गई लेकिन कोई सुनवाई नही हुआ। मिजार्मुराद पुलिस ने सीपी के आदेश पर विवाहिता के तहरीर पर जौनपुर जिले के बरसठी थाना क्षेत्र के गणेशपुर (रामचन्दरपुर) निवासी पति मुकेश सोनकर, ससुर गुलाब सोनकर, चचिया ससुर पप्पू उर्फ बबलू, सास आशा देवी, चचिया सास माधुरी देवी, जेठ संजय सोनकर, राहुला सोनकर, जेठानी रीशु, संगीता, देवर दीपु उर्फ बीनू, ननद सोनम, ननदोई मनोज, सोनू व छोटू सोनकर के खिलाफ धारा 85, 115(2), 352, 76, 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई।

# रोटेरियन पवन गर्ग ने दी नववर्ष की शुभकामनाएं



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** नववर्ष 2026 के शुभ अवसर पर रोटेरियन पवन गर्ग ने समस्त सम्मानित भाइयों, बहनों एवं सभी साथियों को अपनी ओर से तथा अपने परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की हैं। उन्होंने कहा कि नया वर्ष सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।रोटेरियन पवन गर्ग ने अपने संदेश में कहा, आप सभी को मेरा प्रणाम, जय श्री राम। भगवान का आशीर्वाद आप पर एवं आपके परिवार पर सदैव बना रहे। आपके घर में खुशियों का भंडार हो, आप सभी स्वस्थ, निरोगी एवं दीघार्यु हों तथा आपके हर कार्य में उन्नति हो।उन्होंने कामना की कि वर्ष 2026 समाज, व्यापार और राष्ट्र के लिए प्रगति एवं सकारात्मक ऊर्जा का वर्ष सिद्ध हो।(रोटेरियन पवन गर्ग) मंडल अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी हापुड़ जिला अध्यक्ष, संयुक्त व्यापार मंडल एवं अखिल उद्योग व्यापार मंडल, जिला हापुड़ राष्ट्रीय महासचिव, टिंबर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश आदि मौजूद रहे।

# नववर्ष पर महापौर ने नगर निगम अधिकारियों के साथ की औपचारिक बैठक

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** नववर्ष के अवसर पर महापौर अशोक कुमार तिवारी द्वारा नगर निगम वाराणसी के समस्त अधिकारियों के साथ एक औपचारिक बैठक आयोजित की गईं बैठक में नगर के समग्र विकास, स्वच्छता, सुव्यवस्थित नगरीय सेवाओं एवं काशीवासियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने पर विस्तृत चर्चा की गईं महापौर के द्वारा सभी अधिकारियों से उनके परिवार,माता,पिता,बच्चों के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी महापौर ने कहा कि नगर निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करें,ताकि काशी की जनता को सुगम,स्वच्छ और संवेदनशील नगरीय सेवाएँ प्रदान की जा सकें उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित सर्वोपरि है और नगर निगम का प्रत्येक कार्य जनता की अपेक्षाओं एवं काशी की गरिमा के अनुरूप होना चाहिए।

बैठक के दौरान महापौर ने निर्देशित किया कि नगर निगम को काशी की सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप विशेष आयोजनों की पहल करनी चाहिऐ इसी क्रम में नगर निगम द्वारा बनारसी व्यंजनों के आयोजन,मकर संक्रांति के अवसर पर श्रद्धालुओं को घाटों पर चाय वितरण, पतंगबाजी जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन तथा नगर निगम द्वारा किए गए विकासात्मक एवं जनहितकारी कार्यों की जानकारी अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर आम जनता तक पहुँचाने पर बल दिया गया।

महापौर ने कहा कि नगर निगम केवल प्रशासनिक संस्था नहीं,बल्कि काशी की संस्कृति,परंपरा और जनभावनाओं से जुड़ा हुआ संगठन है अतः कार्यशैली में संवेदनशीलता,नवाचार और सेवा भावना का समावेश आवश्यक है बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने महापौर को आश्वस्त किया कि वे पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा काशी के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध रहेंगे औपचारिक बैठक में नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल,अपर नगर आयुक्त सविता यादव,संगम लाल,अमित कुमार,मुख्य अभियन्ता आर.के.सिंह,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. एस.के.चौधरी,महाप्रबन्धक जलकल अनूप सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## अंकिता हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर यूथ कांग्रेस ने किया उपवास

**बागेश्वर।** अंकिता हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर यूथ कांग्रेस कार्यकताओं ने गांधी मूर्ति के पास एक घंटे का उपवास रखा। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने सरकार पर वीआईपी आरोपी को बचाने का आरोप लगाया है। कहा कि जब तक बेटी को न्याय नहीं मिलेगा कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा। युकां जिलाध्यक्ष गोकुल परिहार के नेतृत्व में कार्यकर्ता शुक्रवार को स्टेशन रोड स्थित गांधी मूर्ति के समीप एकत्रित हुए। यहां अंकिता भंडारी हत्याकांड के वीआईपी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर एक घंटे का उपवास रखा। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी हत्या में जिन मुख्य वीआईपी लोगों के नाम आ रहे हैं सरकार उनको बचाने का काम कर रही है। सरकार द्वारा ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनको फांसी की सजा देनी चाहिए।

# श्रद्धालुओं ने गोवर्धन में मानसीगंगा से जल भरकर निकाली शोभायात्रा



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** गोवर्धन में धार्मिक आयोजनो की धूम मची हुई है, परिक्रमा मार्ग में जगह जगह पर आयोजन एवं भंडारे चल रहे हे,तो वहीं श्री गिरिराज धरण सेवा समिति रजिस्टर्ड कोटा वालो द्वारा हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी राधाकुंड परिक्रमा मार्ग में राजावाली छतरी पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हे,जिसमें पहले दिन मानसीगंगा से कलशों में जल भरकर नचाते गाते शोभायात्रा निकली, शाम को गिरिराज महाराज को अलौकिक छप्पन भोग मनोरथ लगाया गया।

सुंदर भजन संध्या सौरभ कृष्ण के द्वारा की जा रही है, उसके अगले दिन साधु संतों की महाप्रसादी का भंडारा और छप्पन भोग प्रशादी को हजारों भक्तो के लिये वितरण भी कराया जायेगा। कोटा राजस्थान से आए महिला श्रद्वालु भक्त मानसी गंगा से जल भरकर अपने सिर पर कलश रखकर चलते हुए नजर आई।और नाचते गाते हुए राजा के मंदिर पर पहुंची।

इस अवसर पर टीम के सभी पदाधिकारी गढ़ रामचरण नगर, भवानी शंकर मालव,तेजकरण गुप्ता, गोविंद सुमन,सदस्य प्रभाती पारेता, अनीता गुप्ता, मंजू नागर, मंजू, मालव आदि सभी भक्तगण मौजूद रहे।

## शाहजहांपुर में नए मैरिज होम के रूप में उभरा नंबरदार फार्म हाउस एंड रिजॉर्ट



**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** कस्बा शाहजहांपुर में शुक्रवार को नंबरदार फार्म हाउस एंड रिजॉर्ट का उद्घाटन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ-साथ किठौर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों से आए सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।उद्घाटन अवसर पर करीब दो हजार से अधिक अतिथियों को आमंत्रित किया गया था। मेहमानों के स्वागत के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे, वहीं आकर्षक सजावट और व्यवस्थित डिनर कार्यक्रम ने समारोह की गरिमा को और बढ़ा दिया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और मेहमाननवाजी की व्यवस्थाओं की खूब सराहना की गई।नंबरदार फार्म हाउस एंड रिजॉर्ट के मालिक अस्लिम खान द्वारा विकसित यह परिसर अपनी प्राकृतिक हरियाली, आधुनिक सुविधाओं और शांत वातावरण के कारण लोगों का ध्यान आकर्षित करता नजर आया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इसे पारिवारिक समारोहों, विवाह आयोजनों, पार्टियों एवं सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक उपयुक्त और आकर्षक स्थल बताया।इस रिजॉर्ट का संचालन शाहजहांपुर के ही स्थानीय साझेदार मुहिब अहसन खान और शकील अहमद को लीज पर दिया गया है। उद्घाटन समारोह में शामिल अतिथियों ने रिजॉर्ट की भव्यता, बेहतर प्रबंधन और सुविधाओं की प्रशंसा करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम करार दिया।

# भाकियू (एकता शक्ति) प्रतिनिधिमंडल ने नवनिर्वाचित बार अध्यक्ष मनोज भाटी से की शिष्टाचार भेंट

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** नोएडा भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) के सम्मानित प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश अमरीश चौहान एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अक्षित शर्मा के मार्गदर्शन में, जिला अध्यक्ष पुलकित सिंघल के कुशल नेतृत्व में संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल नवनिर्वाचित बार अध्यक्ष मनोज भाटी से शिष्टाचार भेंट हेतु मिला।इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) की ओर से मनोज भाटी को संगठन का प्रतीक चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया।

संगठन पदाधिकारियों ने उनकी ऐतिहासिक जीत पर बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।सम्मान अवसर पर प्रमुख बिंदुःचुनाव से पूर्व भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) ने बार अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में मनोज भाटी को पूर्ण समर्थन दिया था। संगठन की पूरी टीम चुनाव के दौरान कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़ी रही, जिसके परिणामस्वरूप यह ऐतिहासिक जीत संभव हो सकी।

मनोज भाटी तीसरी बार बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। वे एक कुशल, अनुभवी एवं व्यवहारकुशल अधिवक्ता के रूप में जाने जाते हैं। उनके दीर्घकालीन अनुभव का लाभ निश्चित रूप से संपूर्ण अधिवक्ता समाज को मिलेगा।

उपस्थित प्रमुख लोगःइस अवसर पर जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सभा गौतम बुद्ध नगर लकी शर्मा, प्रदेश सचिव (युवा) चंकीत यादव, प्रदेश संगठन मंत्री रामावतार सोलंकी, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अक्षित शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी अवधेश राणा (बिसाड़ा) सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) ने मनोज भाटी के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं सफल कार्यकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

## विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) ने अमरोहा जिलाधिकारी का किया स्वागत



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** अमरोहा विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित सोमदत्त शर्मा एवं उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने अमरोहा की जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स का पटका पहनाकर एवं फूलों का बुके भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।इस अवसर पर विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को हसनपुर तहसील के ग्राम मटीपूरा का गंभीर मामला अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि ग्राम प्रधान की दबंगई के चलते किसानों की कृषि भूमि में खड़ी फसलों को आपत्ति के बावजूद रात्रि में जेसीबी मशीन से भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जबकि स्थानीय प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित सोमदत्त शर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायत पत्र सौंपते हुए ग्राम मटीपूरा में नाले के निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रुकवाने एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने सीडीओ अमरोहा को पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने के निर्देश दिए तथा प्रतिनिधि मंडल को न्यायोचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## दुख में सुमिरण सब करें सुख में करे न कोय:राधामोहनदास



**झांसी।** ग्वालियर रोड सिविल लाइन स्थिति कुंजबिहारी मंदिर में समस्त आचार्यो की स्मृति में चल रही श्रीमद भागवत कथा के द्वितीय दिवस का प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास बुंदेलखण्ड धमार्चार्य महंत राधामोहन दास महाराज ने महर्षि नारद, भीष्म पितामह और कुंती चरित्र का विस्तार से वर्णन किया।उन्होंने कहा कि भगवान से जब भी कुछ मांगने का मौका मिले तो संसार की क्षणिक सुख देने वाली यश तथा आराम देने वाली वस्तुयें न मांगकर स्वयं भगवान को अर्थात उनकी भक्ति को मांगना चाहिए। माता कुंती भगवान कृष्ण से कहती है कि सुख से अच्छा तो दुख ही ठीक है क्योंकि दुख में उन्हें भगवान का स्मरण होता रहता है किंतु सुख में हम भगवान को भूल कर अपनी सांसारिक माया में ही खोये रहते हैं। ३दुख में सुमिरण सब करें सुख में करे न कोय, जो सुख में सुमिरण करे तो दुख काहे को होय३ ।नारद जी के पूर्व जन्म की कथा एवं कर्दम ऋषि देहुति के विवाह संस्कार का वर्णन करते हुए उन्होंने भगवान कपिल मुनि के अवतार की कथा कही। वे कहते हैं कि जब प्राणी परमात्मा के प्रति समर्पण का भाव बना लेता है तो फिर उसके भीतर का अहंकार खत्म हो जाता है और उसे प्रभु की कृपा प्राप्त होने लगती है। प्रारम्भ में आचार्य रामलखन उपाध्याय ने श्री गणेश पूजन, कलश पूजन,व्यास पीठ पूजन एवं पुराण पूजन कराया। तदुपरांत मुख्य यजमान सिद्धार्थ शर्मा,आकाश शर्मा,श्रीमती अनुभा त्रिपाठी, श्रीमती अनुप्रिया त्रिपाठी ने महाराजश्री का माल्यार्पण कर श्रीमद भागवत पुराण की आरती उतारी।अंत में व्यवस्थापक परमानंद दास ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# परिवहन कार्यालय में वाहन चालकों से अवैध वसूली करने के आरोप



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** बागेश्वर संघर्ष समिति ने परिवहन विभाग पर वाहन चालकों के साथ जांच के नाम पर अवैध वसूली करने के आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई है। समिति के अध्यक्ष कवि जोशी ने एआरटीओ कार्यालय पर अवैध वसूली करने तथा जबरन चालान करने का आरोप लगाते हुए जबरन जांच के नाम पर वाहन चालकों से समय समय पर चेकिंग के नाम पर वाहन चालकों से अवैध वसूली करने की शिकायत जिलाधिकारी से की है।उन्होंने मामले में एक जांच समिति बनाकर समय समय पर मामले में निगरानी किए जाने, और कभी भी ऐसे मामले प्रकाश में आने पर जो भी व्यक्ति या विभागीय कर्मी/अधिकारी वाहन चालकों से अवैध वसूली कर रहे हो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। समिति ने मामले में नाराजगी जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इस तरह की अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही समिति द्वारा बीडी पांडेय कैंपस में लंबे समय से खड़े वाहनों को भी जल्द छोड़ने की मांग की है। जिलाध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में वाहिनी से जुड़े लोग शुक्रवार को कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने परिवहन विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले तीन महीने से एआरटीओ कार्यालय के कर्मचारी व अधिकारी वाहन चालकों को जबरन परेशान परेशान कर रहे हैं।

# नववर्ष बौद्ध परिवार मिलन दिवस समारोह मैत्री पूर्ण हुआ सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**झांसी ( पारीछा)।** नव वर्ष बौद्ध परिवार मिलन दिवस समारोह मैत्रीपूर्ण संपन्न हुआ दिनांक 1 जनवरी 2026 को सुगत बुद्ध विहार विपश्यना केंद्र पारीछा झांसी में सुगत बुद्ध विहार चैरिटेबिल ट्रस्ट पारीछा के तत्वावधान में एक दिवसीय नव वर्ष बौद्ध परिवार मैत्री मिलन एवं 40 वां सुगत बुध्द विहार विपश्यना केंद्र पारीछा स्थापना दिवस नव वर्ष कैलेंडर विमोचन एवं धम्मदेसना मंगलमैत्री का कार्यक्रम मैत्रीपूर्ण संपन्न हुआ। बौद्ध उपासक उपासिकाओं ने तथागत बुद्ध बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर त्रिशरण पंचशील गृहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बुन्देलखण्ड क्षेत्र के प्रबन्धक अध्यक्ष भदन्त कुमार काश्यप महाथेरो ने की माननीय रतन लाल अहिरवार पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यातिथि एवं श्री प्रमोद कुमार सिंह जी प्रतिनिधि विधायक बबीना रहे मुकेश कुमार अहिरवार जी वरिष्ठ नेता बसपा एवं आयु बी के जाटव पूर्व न्यायाधीश इंदरगढ़ आयुष्मान केशव दास बौद्ध जी पूर्व एडीएम झांसी भिक्षु सारीपुत्र थेरो दतिया भिक्षु धम्म शील पारीछा डॉ इं नरेंद्र कुमार अधिशासी अभियंता इं महेश प्रताप सिंह अधिशासी अभियंता इं अमित कुमार सुमन अध्यक्ष एससी एसटी इं सुभाष चंद्रा आयु हरचरण लाल बौद्ध अध्यक्ष पूर्व भारतीय बौद्ध महासभा झांसी आयु मेवालाल पूर्व प्रधान छिरौना आयु ओम प्रकाश अहिरवार पार्षद बड़ागांव उपस्थित रहे। आयु बी के गौतम ट्रस्ट के सचिव ने आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन आयु लेखपाल बौद्ध प्रवक्ता बीबीसी झांसी ने किया। इं आयु,आनन्द गौतम काशीराम बौद्ध सीताराम अहिरवार आयु महिरवान सिंह अहिरवार पूर्व अध्यापक रविन्द्र नाथ दरोगा इं अमृत राम आयु अनिल रवि निवाड़ी दीपक गुप्ता श्रीलाल अहिरवार राजेश सुशील रवि कुमार गौतम रवि राज गौतम जितेंद्र प्रदीप राजाराम राम प्रकाश महेंद्र सिंह कमल किशोर कैलाश आदि रहे।

## भीषण सर्दी के चलते मेडिकल में मरीज व तीमारदारों को गरमागरम चाय बांटने का किया शुभारम्भ



**झांसी।** सनशाइन क्लब झांसी के तत्वावधान में विनोद अग्रवाल यूको की अध्यक्षता संस्थापक अशोक अग्रवाल काका के सानिध्य व अर्चना - अनूप बिन्दल जी के संयोजन में आज मेडिकल कॉलेज वॉर्ड में चाय व बिस्किट बांटने का शुभारम्भ किया गया। अत्यधिक सर्दी का मौसम होने पर क्लब द्वारा निर्णय लिया गया कि अर्चना - अनूप बिन्दल जी के संयोजन में लगभग पूरे माह इस जनवरी में मेडिकल कॉलेज वॉर्ड नम्बर 6 में मरीजों के साथ साथ तीमारदारों को गरमागरम अदरक वाली चाय व बिस्किट बांटा जायेगा। इसी तारतम्य में आज चाय वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।इस अवसर पर मनीष अग्रवाल व राजेश कुमार अग्रवाल आदि ने सक्रिय सहयोग किया।

# जन जन की सरकार, जन जन के द्वार के तहत भनारतोली और खुनौली में आयोजित हुआ बहुद्देशीय शिविर

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर।** गोविन्द मेहता,जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जनपद में दो न्याय पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में कुल 59 शिकायतें दर्ज हुई जिसमें 42 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। वहीं शिविर मेंअब तक 845 लोगों ने प्रतिभाग कर सरकार की योजनाओं का लाभ लिया। राजकीय इंटर कॉलेज खुनौली में आयोजित शिविर में अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।

प्राथमिक विद्यालय भनार तोली में आयोजित शिविर में विधायक पार्वती दास ने कहा कि सरकार लोगों को घर जाकर योजनाओं की जानकारी देने का काम कर रही है। इसका सभी को लाभ लेना होगा।शिविर की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी प्रियंका रानी ने की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शासन-प्रशासन को सीधे जनता के द्वार तक पहुंचाकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है।वही जन जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी द्वारा लगातार सभी नोडल अधिकारियों से जनता द्वारा प्राप्त शिकायतें एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा शिकायतों के निराकरण को लेकर भी समीक्षा बैठक ली जा रही है।सीडीओ तिवारी ने विभागीय योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में लापरवाही बरतने पर सम्बन्धित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।वही जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने प्रत्येक न्याय पंचायत में आयोजित होने वाले बहुद्देशीय शिविर में जनता की मूलभूत समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के आदेश सभी अधिकारियों को दिए हैं।डीएम ने शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने तथा समस्याओं के समाधान हेतु जो समस्याएं या योजनाएं शासन स्तर से मंजूरी हेतु प्रस्तावित है उन्हें सभी विभागीय अधिकारियों को समय से शासन और जिलाधिकारी कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वार संचालित महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को समय से योजनाओं का लाभ मिले यह जिला प्रशासन की पुनीत जिम्मेदारी है।उन्होंने सभी लोगों से विभिन्न न्याय पंचायतों में आयोजित बहुद्देशीय शिविरों का लाभ उठाने की अपील की।आयोजित शिविरों में राजस्व, विकास, समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के स्टालों के माध्यम से सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

## असफ रायफल के जवान की सैन्य सम्मान के साथ हुई अंत्येष्टि

**कपकोट।**तनुज तिरूवा, कपकोट तहसील के सुडिंग गांव निवासी असम रायफल में तैनात हवलदार की ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक होने से मौत हो गई।जिसके बाद उनके पार्थिव शरीर को सेना के वाहन से यहां लाया गया। गाजियाबगड़ घाट में सैन्य सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि की गई। घटना के बाद से गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार सुडिंग निवासी 50 वर्षीय तारा सिंह दानू पुत्र खीम सिंह दानू मिजोरम में 14 आसाम रायफल में हवलदार के पद पर तैनात थे। 30 दिसंबर को ड्यूटी के दौरान उन्हें हार्ट अटैक आया और उनका निधन हो गया। वहां से सेना के वाहन से उनके पार्थिव शरीर को गुरुवार को उनके गांव लाया गया। यहां शुक्रवार की सुब परिजनों की अश्रुपूरित विदाई के साथ शव यात्रा निकली।

# शहीद मेजर आशाराम त्यागी के जन्मदिवस पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** देशभक्ति, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक शहीद मेजर आसाराम त्यागी के जन्मदिवस के अवसर पर रेलवे रोड, मोदीनगर स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. मंजू शिवाच एवं नगर पालिका परिषद मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली की उपस्थिति रही।शहीद मेजर आसाराम त्यागी ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा और समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उनका जीवन देश प्रेम, सैन्य अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। क्षेत्र में उनका नाम अत्यंत सम्मान, गौरव और श्रद्धा के साथ स्मरण किया जाता है। इस अवसर पर विधायक डॉ. मंजू शिवाच जी ने कहा कि शहीद मेजर आशाराम त्यागी जैसे वीर सपूतों का जीवन देशभक्ति, अनुशासन और कर्तव्य का जीवंत उदाहरण है। उनके जन्मदिवस पर उन्हें स्मरण करना हम सभी के लिए प्रेरणा का विषय है और हमें राष्ट्र व समाज के प्रति अपने दायित्वों का बोध कराता है। नगर पालिका परिषद मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली ने कहा कि शहीद मेजर आसाराम त्यागी की प्रतिमा मोदीनगर की शान है। उनके जन्मदिवस पर यह प्रतिमा युवाओं को राष्ट्र सेवा, त्याग और सामाजिक जिम्मेदारी के मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश देती है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने शहीद मेजर आसाराम त्यागी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रतिमा के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों को देश और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों की निरंतर प्रेरणा मिलती रहेगी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी प्रमुख रूप से दिनेश सिंघल (पूर्व जिला अध्यक्ष), स्वदेश जैन, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीरज त्यागी, सभासद वेद प्रकाश चौधरी, ललित त्यागी, सुबे सिंह, संजय चौधरी, राहुल राणा, जितेन्द्र चौधरी, प्रदीप शर्मा, आकाश शर्मा, अनिला आर्या, अमितेज जैन, सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बैनामा लेखक संघ की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** बैनामा लेखक संघ तहसील मोदीनगर की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ।

नवनिर्वाचित कमेटी के अध्यक्ष श्रीपाल सिंह व सचिव प्रदीप शर्मा उपाध्यक्ष अंकुर शर्मा कोषाध्यक्ष कपिल सांगवान ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष कपिल चौधरी ने की। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी, सब रजिस्ट्रार, तहसीलदार, सहायक पुलिस आयुक्त और समस्त बैनामा लेखक, अधिवक्ता और बार एसोसिएशन तहसील मोदीनगर के अध्यक्ष जगबीर चौधरी की मौजूदगी में संपन्न हुआ। सभी ने नवनिर्वाचित कमेटी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी अजीत कुमार सिंह, तहसीलदार रजत सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त अमित सक्सेना, सब रजिस्टार भारत कुमार व दस्तावेज लेखक सीनियर नरेश अमराला, कपिल चौधरी, विकास चौधरी, राजेंद्र अमराला, कांति त्यागी, मुकेश शर्मा, परमात्मा शर्मा, वेद प्रकाश सागर, सोनवीर नेहरा आदि लोग उपस्थित थे।

# चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा का केंद्र बना मोदीनगर छाया पब्लिक स्कूल

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर के इतिहास में पहली बार गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल को चार्टर्ड अकाउंटेंट की प्रतिष्ठित परीक्षा का आयोजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। विद्यालय की प्रतिष्ठा को देखते हुए इस परीक्षा की जिम्मेदारी प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी के नेतृत्व में छाया पब्लिक स्कूल को सौंपी गई है। यह परीक्षा आगामी 5 जनवरी से शुरू होगी।मोदीनगर के इतिहास में पहली बार चार्टर्ड अकाउंटेंट का परीक्षा केंद्र मोदीनगर को बनाया गया है। अब से पहले परीक्षाएं दिल्ली और गाजियाबाद में संपन्न होती थी। प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी द्वारा विशेष अनुरोध पर मोदीनगर शहर को यह जिम्मेदारी मिली है। इससे मोदीनगर के आसपास के युवा व होनहार छात्रों को परीक्षा देने में काफी सुविधा होगी और उनका समय भी बचेगा । शहर के सभी लोगों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा का केंद्र छाया पब्लिक स्कूल को बनाने पर सांसद डॉ राजकुमार सांगवान विधायक डॉ मंजू सिवाच नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली निवाड़ी नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल त्यागी आदि गणमान्य लोगों ने छाया स्कूल परिवार को विशेष बधाई दी है।

# मुख्यमंत्री पोर्टल की शिकायतों पर निगम ने हटाया तत्काल अतिक्रमण

वेलकम इंडिया



**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गयी अतिक्रमण सम्बंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम ने त्वरित कार्रवाई कर सम्बंधित स्थानों से अतिक्रमण हटवाया और दुकानदारों के चालान किये। इसके अलावा प्रवर्तन दल प्रभारी एच बी गुरुंग के नेतृत्व में रायवाला व गुरुद्वारा रोड पर भी अतिक्रमणरोधी अभियान चलाया गया। करीब 15 दुकानदारों के चालान कर 14 हजार दो सौ रुपये जुमार्ना वसूला गया।

मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की गयी थी कि मातागढ़ से धोबीघाट की ओर जाने वाले मार्ग पर अरबी मदरसे की पुलिया के पास कुछ लोगों ने सड़क किनारे ठेलियां खड़ी कर अतिक्रमण कर लिया है। जिससे आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त शिकायत पर नगर निगम के अतिक्रमणरोधी दस्ते ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वहां किये गए अतिक्रमण को हटवाया और अतिक्रमणकारियों से जुमार्ना भी वसूल किया। इसके अलावा रायवाला के निकट रामकृष्ण परमहंस स्कूल चौक पर भी कुछ दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किये जाने की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गयी थी। वहां भी अतिक्रमण हटाते हुए चार दुकानदारों के चालान काटे गए।

इसके अतिरिक्त रायवाला के निकट इस्लामियां कॉलेज रोड पर भी अभियान चलाया गया और आठ दुकानदारों के चालान किये गए। गुरुद्वारा रोड पर टैज्फिक पुलिस की मदद से अभियान चलाते हुए चार कारों के चालान किये गए और एक कार को उठवाकर आरटीओ ऑफिस भिजवाया गया। कार्रवाई के दौरान निगम के राजस्व अधिकारी व प्रवर्तनदल के जवान शामिल रहे।

# केंद्रीय मंत्री तोखनसाहू से प्रभु दयाल साहू नेता जी की शिष्टाचार मुलाकात, साहू समाज के उत्थान पर हुई विस्तृत चर्चा



वेलकम इंडिया

**झांसी!** श्री तोखनसाहू, केंद्रीय मंत्री (आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार) से प्रभु दयाल साहू नेताजी, मंडल अध्यक्ष झांसी मंडल, झांसी ने पंतनगर मार्ग स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर साहू समाज के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक उत्थान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। केंद्रीय मंत्री श्री तोखनसाहू ने समाज के विकास हेतु सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान श्री चुन्नीलाल साहू, सेवा निवृत्त लेखपाल, झांसी भी उपस्थित रहे। सभी ने समाज की एकजुटता एवं प्रगति के लिए निरंतर प्रयास करने पर बल दिया।

# मोदीनगर में कैथेटराइजेशन लैब का का शुभारंभ 4 जनवरी को

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** श्रीहरदेव सिंह मेमोरियल अस्पताल में कैथेटराइजेशन लैब का का शुभारंभ 4 जनवरी को होगा।यह जानकारी देते हुए डॉ. प्रिया तोमर और डॉ. अजय कुमार तोमर डॉ. शालिनी तोमर व डॉ. विजय कुमार तोमर ने बताया कि 4 जनवरी को श्रीहरदेव सिंह मेमोरियल अस्पताल, शिव पुरी गली नंबर 6 के सामने, निवाड़ी रोड, मोदीनगर में,सुबह 11:30 बजे विधायक डॉ मंजू शिवाच लैब का उद्घाटन करेंगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य कर रहा है ताकि चिकित्सा सुविधा का लाभ क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को मिल सके। हृदयाघात होने पर मरीजों को गाजियाबाद या मेरठ नहीं भागना पड़ेगा। दिल की नशो मैं छल्ले (एंजियोप्लास्टी) ऑपरेशन की सारी सुविधाएं मोदीनगर के निवाड़ी रोड पे हॉस्पिटल मैं मिलेंगी और मोदीनगर और मोदीनगर के आसपास क्षेत्र के लोगों को एक राहत की बात होगी।

# शिक्षाविद स्व: अजय कुमार वोहरे की प्रतिमा क्षतिग्रस्त, लोगों की भावना आहत

वेलकम इंडिया



**जहांगीराबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखुपुर रौरा में शिक्षाविद व समाजसेवी स्वर्गीय अजय कुमार वोहरे की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने उखाड़कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। शुक्रवार की सुबह घटना की जानकारी होते ही उनके प्रशंसकों और क्षेत्रीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और घटना के पदार्फाश तथा आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। घटना की जानकारी देते हुए देवेंद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात लोगों ने देर रात इस कृत्य को अंजाम दिया, जिससे न केवल परिवार की भावनाएं आहत हुई हैं, बल्कि समाज में व्याप्त नकारात्मक और विकृत मानसिकता का भी परिचय मिलता है। जानकारी के अनुसार शिक्षाविद व समाजसेवी अजय कुमार वोहरे का निधन वर्ष 2023 में हो गया था। क्षेत्रवासियों की मांग पर उनके परिवार द्वारा अनूपशहरझबुलंदशहर मुख्य मार्ग पर वर्ष 2024 में उनकी प्रतिमा की स्थापना कराई गई थी। प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में आसपास के करीब एक दर्जन गांवों के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया था और समाज हित में उनके योगदान को याद किया था। घटना की सूचना मिलने पर ग्यारह मिल चौकी प्रभारी अमित बालियान मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। उन्होंने आरोपियों को चिह्नित कर जल्द जेल भेजने का आश्वासन दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिमा से उनकी भावनाएं जुड़ी हैं और इस तरह की घटना से पूरे क्षेत्र की शांति व्यवस्था प्रभावित हुई है। लोगों ने प्रशासन से प्रतिमा की मरम्मत कराने के साथ-साथ स्थायी सुरक्षा व्यवस्था की भी मांग की। इस संबंध में सीओ अनूपशहर विकास प्रताप सिंह चौहान ने बताया है कि मामले में तहरीर प्राप्त हो गई है और जल्द ही दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में 14 जनवरी तक अवकाश की मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद में कड़ाके की सर्दी और शीतलहर को देखते हुए कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश घोषित किए जाने की मांग तेज हो गई है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी के नेतृत्व में शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि जनपद गाजियाबाद में सर्दी अपने चरम पर है और शीतलहर का प्रकोप लगातार बना हुआ है। ऐसे में जनपद के समस्त निजी एवं परिषदीय विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश घोषित किया जा चुका है, जबकि कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में अब तक अवकाश की घोषणा नहीं की गई है। इससे छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडे की आशंका बनी हुई है। डॉ. अनुज त्यागी ने कहा कि कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाएं दूर-दराज के क्षेत्रों से आती हैं और ठंड के मौसम में विद्यालय पहुंचना उनके लिए जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने बालिकाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा उनके अभिभावकों की भावना को ध्यान में रखते हुए कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में भी 14 जनवरी 2026 तक शीतकालीन अवकाश घोषित किए जाने की मांग की। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन छात्राओं के हित को सर्वोपरि रखते हुए इस मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अमित यादव, कनक सिंह, अर्चना, प्रीति त्यागी, मीनाक्षी यादव, रुचिका जैन सहित अन्य शिक्षक व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जन्मदिन की पार्टी में डीजे की आवाज कम करने को लेकर पड़ोसी से हुई मारपीट रिपोर्ट दर्ज

वेलकम इंडिया

शिकारपुर/अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव महाराजपुर करकौरा में डीजे की आवाज कम करने को लेकर दबंगों ने घर से खींचकर पड़ोसी से की मारपीट।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित राजेश कुमार पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी गांव महाराजपुर करकौरा ने बताया है कि मेरे घर के पड़ोस में निशांत की जन्मदिन पार्टी में तेज आवाज में डीजे बज रहा था मैंने कहा कि मेरी पत्नी हार्ट की मरीज है इसलिए डीजे की आवाज कम कर लो इतना कहते ही दबंगों ने मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी जिससे मेरे कई जगह चोट लगी है। मारपीट करने वाले निशांत पुत्र सतपाल विशाल पुत्र पप्पू विवेक पुत्र भोजवीर यस पुत्र पप्पू है। इन चारों के खिलाफ थाने में नामजद लिखित तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। वही पीड़ित का आरोप है कि इन चारों के हाथ में लाठी डंडे तमंचा और चाकू थे जिन्होंने मेरे साथ मारपीट की थी आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए हैं। उधर अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा ने बताया है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# ग्रामीण राशन व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए 76 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण जल्द शुरू

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिले की ग्रामीण व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत गाजियाबाद की 76 ग्राम पंचायतों में अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण शीघ्र शुरू किया जाएगा। इस योजना के लिए राज्य सरकार ने कुल लागत की 50 प्रतिशत धनराशि के रूप में 3.21 करोड़ रुपये जारी किए हैं, जिससे निर्माण कार्य की प्रक्रिया को गति मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में राशन वितरण व्यवस्था में सुधार होगा। जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि एक अन्नपूर्णा भवन के निर्माण पर 8 लाख 46 हजार रुपये की लागत आएगी। उन्होंने ब्लॉकवार वितरण की जानकारी देते हुए बताया कि भोजपुर और मुरादनगर ब्लॉक में 23-23 भवन बनाए जाएंगे, जबकि रजापुर में 15 और लोनी में 13 भवन निर्माण के लिए चिन्हित हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य न केवल राशन की स्थायी दुकानों का निर्माण करना है, बल्कि ग्रामीणों के लिए वितरण प्रणाली को अधिक सुविधाजनक और सुचारू बनाना भी है। अमित तिवारी ने बताया कि प्रत्येक अन्नपूर्णा भवन में दो कमरे और एक बरामदा होगा। इससे न केवल राशन का भंडारण सुव्यवस्थित रहेगा, बल्कि कार्डधारकों को बैठने और आराम से राशन प्राप्त करने की सुविधा भी मिलेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भवन निर्माण के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों को कार्यदायी संस्था के रूप में चिन्हित किया गया है। इसके अलावा निर्माण कार्य की निगरानी मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति करेगी, ताकि सभी भवन गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर पूरे हों। जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी की सक्रियता और मेहनत की वजह से यह योजना तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता पर कोई समझौता न हो और सभी भवनों में निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण और फीडबैक तंत्र को लागू करने की भी योजना बनाई है। अमित तिवारी ने बताया कि अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। पहले जहां राशन वितरण असंगठित और असुविधाजनक होता था, अब भवनों के बनने के बाद ग्रामीण आसानी से राशन प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा भवनों में कार्डधारकों के बैठने और प्रतीक्षा की सुविधा होने से बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी यह प्रक्रिया आसान होगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि सभी 76 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कार्य 31 मार्च 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक भवन का निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से किया जाए और किसी भी प्रकार की देरी से बचने के लिए नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएँ।

# पहली बार फ्लैट-टाइप फैक्ट्री योजना

**गाजियाबाद।** औद्योगिक विकास को नई दिशा देते हुए बुलंदशहर रोड इंडस्ट्रियल एरिया में पहली बार फ्लैट-टाइप फैक्ट्री स्कीम शुरू की जा रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत ढाई एकड़ भूमि पर पांच मंजिला आधुनिक औद्योगिक भवन का निर्माण किया जाएगा, जिसमें छोटे उद्यमियों के लिए किराए पर फैक्ट्री यूनिट्स उपलब्ध कराई जाएंगी। योजना के अनुसार पांच मंजिला इमारत में 241.78 वर्ग मीटर के हॉल विकसित किए जाएंगे, जिनमें करीब 40 छोटी औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जा सकेंगी। इस स्कीम का उद्देश्य छोटे और सूक्ष्म उद्योगों को जमीन की कमी और भारी लागत जैसी समस्याओं से राहत दिलाना है, ताकि वे कम निवेश में अपना कारोबार शुरू कर सकें। इन फ्लैट-टाइप फैक्ट्री यूनिट्स में जूता सिलाई, रेडीमेड गारमेंट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, हैंडीक्राफ्ट और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट से जुड़ी छोटी फैक्ट्रियां स्थापित की जाएंगी।

# गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए अधिकारी हर समय रहें सक्रिय: डीएम

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। जन समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान को लेकर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ लगातार सख्त रुख अपनाए हुए हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और अधिकारी सदैव तत्पर रहकर कार्य करें। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि आमजन का प्रशासन पर भरोसा बढ़ रहा है।

नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें जनसुनवाई में प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रार्थी की समस्या को गंभीरता से सुना और यह भी जाना कि संबंधित मामले में पूर्व में कोई प्रार्थना पत्र दिया गया था या नहीं। जिलाधिकारी ने सभी फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन शिकायतों में स्थलीय निरीक्षण आवश्यक है, वहां मौके पर जाकर जांच के उपरांत ही निस्तारण किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक अवश्य लिया जाए, ताकि समाधान की गुणवत्ता बनी रहे। जनसुनवाई के दौरान कई संवेदनशील मामलों पर भी त्वरित निर्देश दिए गए। मुरादनगर निवासी एक महिला को विधवा पेंशन का लाभ दिलाने के लिए प्रोबेशन विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं एक वृद्ध विधवा महिला की बहू के उपचार हेतु रेड क्रॉस के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के आदेश संबंधित अधिकारी को दिए गए। इसके अलावा सांप के काटने से मृत महिला के पुत्र के मामले में नियमानुसार मुआवजा दिलाने के लिए संबंधित विभाग को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने दोहराया कि जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान एडीएम ई ज्योति मौर्य, एडीएम एल/ए अवनीश कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## क्षत्रिय समाज की दिशा तय करेगा आत्मचिंतन शिविर

**गाजियाबाद**। अखिल भारतीय क्षत्रिय मंच का 20वां दो दिवसीय आत्मचिंतन शिविर शनिवार 3 जनवरी से मोहन नगर क्षेत्र अंतर्गत करहेड़ा स्थित मिल्टन एकेडमी में आयोजित किया जाएगा। यह शिविर शनिवार को दोपहर 1 बजे प्रारंभ होकर रविवार को अपरान्ह 4 बजे तक चलेगा, जिसमें देशभर से क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधि भाग लेंगे। शिविर के मुख्य अतिथि श्रीमहंत नारायणगिरि जी महाराज, पीठाधीश्वर श्रीदुधेश्वरनाथ मंदिर, गाजियाबाद होंगे। अखिल भारतीय क्षत्रिय मंच के राष्ट्रीय संयोजक ठाकुर रमेश राघव एवं राष्ट्रीय महासचिव हीरेंद्र सिंह राठौड़ ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि यह आत्मचिंतन शिविर क्षत्रिय समाज की वर्तमान स्थिति और भविष्य की दिशा तय करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय मंथन के दौरान समाज के समक्ष मौजूद चुनौतियों, सामाजिक दायित्वों और संगठनात्मक मजबूती पर गंभीर चर्चा की जाएगी। विशेष रूप से समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के भविष्य, प्रबुद्ध जनों की भूमिका, बच्चों में अच्छे संस्कारों का विकास, क्षत्रिय परिवारों की सामाजिक जिम्मेदारियां, युवाओं को व्यवसायिक और उद्यमशील क्षेत्रों में आगे बढ़ाने तथा आम क्षत्रिय समाज में जागरूकता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल का आधार, आयुष्मान व नेत्र जांच शिविर वेव सिटी में रहा सफल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। राष्ट्रीय व्यापार मंडल गजप्रस्थ द्वारा डीपीएस कंस्ट्रक्शन एंड प्रमोटर्स के सहयोग से शुक्रवार को डीपीएस कंस्ट्रक्शन, वेव सिटी परिसर में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य और पहचान से जुड़ी महत्वपूर्ण सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष श्री बालकिशन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री विनोद कुमार सर्वोदय उपस्थित रहे। उन्होंने राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा किए जा रहे जनहितकारी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि एक ही स्थान पर आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और नेत्र जांच जैसी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराना समाज के लिए अत्यंत सराहनीय पहल है। उन्होंने इस प्रयास के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। शिविर के दौरान 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जबकि श्रेया आई सेंटर की ओर से विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लोगों की आंखों की जांच की गई। इसके अलावा 18 वर्ष तक की आयु के युवाओं के नए आधार कार्ड बनाए गए तथा सभी आयु वर्ग के लोगों के आधार कार्ड में आवश्यक संशोधन भी किए गए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने उपस्थित नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में आयुष्मान कार्ड बनवाने, आंखों की जांच कराने और आधार कार्ड से जुड़ी सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा की मजबूत ढाल है। शिविर के संयोजक पंडित अशोक भारतीय उपस्थित रहे, जबकि आयोजक के रूप में प्रमोद चौधरी, दीपक चौधरी एवं संदीप चौधरी ने अतिथियों और आगंतुकों का पटका एवं माला पहनाकर स्वागत किया। आयोजकों ने जानकारी दी कि यह दो दिवसीय शिविर है और 3 जनवरी को भी इसी स्थान पर सभी सुविधाओं के साथ जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। शिविर में डाक विभाग की ओर से हेमंत कुमार एवं अनुराग श्रीवास्तव, श्रेया आई सेंटर से सेवानिवृत्त आईएएस ओमवीर वीरवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। शिविर के दौरान लगभग 150 लोगों ने आधार कार्ड बनवाए या उनमें संशोधन कराया, करीब 200 लोगों की आंखों की जांच की गई तथा 42 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। कार्यक्रम में बालकिशन गुप्ता, पंडित अशोक भारतीय, संदीप त्यागी, रसम भूपेंद्र सिरोही, मनोज कुमार, आशु पाठक, सौरभ यादव, रवि आनंद एडवोकेट, डॉ. वी.के. सिंह, प्रमोद चौधरी, दीपक चौधरी, संजीव चौधरी, संजय शर्मा, विनोद सर्वोदय सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# पंचायत चुनाव की तस्वीर होगी साफ, 6 जनवरी को जारी होगी फाइनल वोटर लिस्ट

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। आगामी तीन-स्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारी के तहत गाजियाबाद जिले में तैयार की गई प्रोविजनल वोटर लिस्ट पर दर्ज आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आपत्तियों के समाधान के बाद जिले की फाइनल वोटर लिस्ट 6 जनवरी को प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि पंचायत चुनावों में कुल कितने मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। डिप्टी डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर सौरभ भट्ट ने बताया कि गाजियाबाद जिले के चार विकास खंडों में कुल 142 ग्राम पंचायतें हैं। वर्ष 2021 की पंचायत वोटर लिस्ट में जिले में कुल 4 लाख 41 हजार 245 मतदाता दर्ज थे। आगामी पंचायत चुनाव मार्च-अप्रैल में संभावित हैं, जिसको ध्यान में रखते हुए व्यापक स्तर पर मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चलाया गया। पुनरीक्षण अभियान के दौरान जिले में 67 हजार 214 नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए, जबकि 33 हजार 405 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए। इसके अलावा 5 हजार 530 मतदाताओं के नाम और पते उनके आवेदन पत्रों के आधार पर संशोधित किए गए। इस प्रक्रिया के बाद जिले में मतदाताओं की कुल संख्या में 33 हजार 809 की शुद्ध बढ़ोतरी हुई है, जिससे अब मतदाताओं की संख्या बढ़कर 4 लाख 75 हजार 54 हो गई है। ब्लॉकवार स्थिति की बात करें तो भोजपुर विकास खंड में मतदाताओं की संख्या में 7 हजार 88 की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

# जिला एमएमजी अस्पताल में दो बच्चों की मौत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। एक ओर स्वास्थ्य विभाग लगातार सर्दी और शीतलहर से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी कर रहा है, वहीं दूसरी ओर कड़ाके की ठंड का सबसे ज्यादा असर मासूम बच्चों पर पड़ता नजर आ रहा है। शुक्रवार को जिला एमएमजी अस्पताल में इलाज के दौरान दो छोटे बच्चों की मौत हो गई, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था और समय पर उपचार को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं।

जिला एमएमजी अस्पताल की रिपोर्ट के अनुसार सिहानी के नूरनगर क्षेत्र निवासी दानिश की दो वर्षीय बेटी जैनब को पिछले तीन से चार दिनों से उल्टी, दस्त और बुखार की शिकायत थी। संजयनगर स्थित संयुक्त अस्पताल में उसका निमोनिया का इलाज चल रहा था। शुक्रवार सुबह हालत बिगडे पर परिजन उसे बेहोशी की स्थिति में एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना कुशलिया निवासी मेहराउद्दीन के डेढ़ वर्षीय बेटे अरशद की है। बच्चे को उसके चाचा आशिफ द्वारा बेहोशी की हालत में जिला एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि अरशद को भी पिछले तीन-चार दिनों से तेज बुखार था और डासना क्षेत्र में कहीं उसका इलाज कराया जा रहा था। इन घटनाओं के बीच जिले के सरकारी अस्पतालों में बच्चों की ओपीडी पर भारी दबाव देखने को मिला। शुक्रवार को जिले के तीनों सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में 300 से अधिक बीमार बच्चे पहुंचे, जिनमें बुखार और निमोनिया से पीड़ित 50 से अधिक बच्चे शामिल थे। चिकित्सकों के अनुसार ठंड बढे के साथ बच्चों में सांस संबंधी बीमारियां और वायरल संक्रमण तेजी से बढ़ रहे हैं।

# टीबी जांच को मिली नई ताकत, 36 लाख की आधुनिक मशीन से डोर-टू-डोर होगी जांच

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। क्षय रोग की रोकथाम और समय पर पहचान को लेकर गाजियाबाद के स्वास्थ्य विभाग को बड़ी सुविधा मिली है। शासन स्तर से जिले को एक नई पोर्टेबल एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराई गई है, जिसकी कीमत 36 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। इस मशीन से अब टीबी की जांच और अधिक तेज और प्रभावी तरीके से की जा सकेगी। जिला क्षय रोग अधिकारी अनिल कुमार यादव ने बताया कि शुक्रवार को टीबी अस्पताल में नई पोर्टेबल एक्स-रे मशीन का सफल ट्रायल किया गया, जिसमें पहले ही दिन पांच मरीजों की एक्स-रे जांच की गई। उन्होंने बताया कि यह मशीन विशेष रूप से अति संवेदनशील क्षेत्रों में डोर-टू-डोर जाकर टीबी की पहचान के लिए दी गई है, जिससे संदिग्ध मरीजों की शुरूआती अवस्था में ही जांच संभव हो सकेगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हाल ही में जिले की 13 लाख से अधिक आबादी को टीबी के लिहाज से अतिसंवेदनशील श्रेणी में चिन्हित किया गया है। इन क्षेत्रों में नियमित रूप से टीबी जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अब तक विभाग के पास केवल एक पोर्टेबल एक्स-रे मशीन उपलब्ध थी, लेकिन नई मशीन मिलने से जांच कार्य को और गति मिलेगी और अब दो मशीनों के माध्यम से बड़े स्तर पर स्क्रीनिंग की जा सकेगी। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि विभाग ने इस वर्ष पांच लाख से अधिक लोगों की टीबी जांच का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्तमान में जिले में 21 हजार से अधिक टीबी मरीजों का इलाज विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर चल रहा है।

# बजरिया गुरुद्वारे से प्रचार रथ रवाना, तीन दिन तक शहर में देगा आयोजन का संदेश



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। बजरिया स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में शुक्रवार को विशाल नगर कीर्तन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी चार जनवरी 2026 को निकलने वाले भव्य नगर कीर्तन की तैयारियों और प्रचार-प्रसार को अंतिम रूप देना रहा।

इसी क्रम में नगर कीर्तन के प्रचार हेतु तैयार किए गए विशेष प्रचार रथ को बैठक में उपस्थित विभिन्न गुरुद्वारों के प्रधानों और पदाधिकारियों द्वारा निशान साहिब दिखाकर विधिवत रूप से रवाना किया गया। यह प्रचार रथ अगले तीन दिनों तक पूरे शहर में भ्रमण कर संगत को नगर कीर्तन में शामिल होने का संदेश देगा। बैठक की शुरूआत गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान इंद्रजीत सिंह टीटू ने करते हुए सिख इतिहास और परंपराओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी, जिन्हें समाज में सरबंसदानी कहा जाता है, ने धर्म और समाज की रक्षा के लिए अपने पिता सहित अपने चारों पुत्रों का बलिदान दिया। उन्होंने सिख धर्म की स्थापना कर मानवता को सेवा, त्याग और समानता का मार्ग दिखाया। उन्होंने यह भी कहा कि सिखों के लिए गुरु ग्रंथ साहिब जी ही सदा के लिए गुरु हैं और किसी देहधारी मनुष्य को गुरु मानने की परंपरा नहीं है। गुरुद्वारा सिंह सभा के महामंत्री एस.पी. सिंह ओबेराय ने नगर कीर्तन के महत्व और परंपरा की जानकारी देते हुए बताया कि यह नगर कीर्तन पूरे शहर का एक विशाल धार्मिक आयोजन होता है, जो वर्ष में एक बार निकाला जाता है। इस आयोजन को सफल बनाने में गाजियाबाद की विभिन्न गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों का सहयोग रहता है, जिससे यह नगर कीर्तन भव्य स्वरूप ले पाता है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में शहर के श्रद्धालु तन, मन और धन से सहयोग करते हैं और पूरे मार्ग में संगत द्वारा श्रद्धा के साथ लंगर एवं खानपान के स्टॉल लगाए जाते हैं।

नगर कीर्तन की शुरूआत में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा एक विशाल मंच लगाया जाएगा, जहां धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों को भी उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। नगर कीर्तन पांच प्यारों की अगुवाई में निकलेगा, जिसमें सबसे पीछे पालकी साहिब में गुरु ग्रंथ साहिब जी विराजमान रहेंगे। संगत कीर्तन करते हुए आगे बढ़ेगी और सेवादार मार्ग को जल छिड़काव व सफाई करते हुए गुरु साहिब को पूर्ण श्रद्धा और सम्मान के साथ आगे ले जाएंगे। नगर कीर्तन के समापन अवसर पर भी एक भव्य मंच की व्यवस्था की जाएगी, जहां नगर कीर्तन में शामिल झांकियों, बैंड दलों तथा दिन में उपस्थित न हो पाने वाले धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान इंद्रजीत सिंह टीटू, महामंत्री एस.पी. सिंह ओबेराय, चेयरमैन सरदार हरमीत सिंह, सचिव कुलविंदर सिंह ओबेराय, जगमोहन कपूर सहित विभिन्न गुरुद्वारों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इनमें अर्जुन नगर, गांधीनगर, सेक्टर-10, जगदीश नगर, भुड़ भारत नगर सहित शहर के कई गुरुद्वारों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की और नगर कीर्तन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## आवारा कुत्तों का आतंक, दहशत में शालीमार गार्डन के निवासी, निगम से फिर की राहत की मांग

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद**। शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-वन स्थित आस्था वेलफेयर सोसाइटी में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे स्थानीय लोग भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं। सोसाइटी के निवासियों का कहना है कि कुत्तों के झुंड आए दिन लोगों पर हमला कर रहे हैं, जिससे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे अधिक प्रभावित हो रही हैं। निवासियों के अनुसार आवारा कुत्ते सोसाइटी के अंदर और बाहर दोनों जगह घूमते रहते हैं। कुछ लोग सोसाइटी परिसर में ही इन कुत्तों को खाना खिलाते हैं, जिसके बाद कुत्ते और अधिक आक्रामक हो जाते हैं और आने-जाने वाले लोगों पर झपट पड़ते हैं। जब अन्य निवासी इसका विरोध करते हैं तो कुत्ता प्रेमियों से विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। हालात ऐसे हैं कि लोग अपने बच्चों को अकेले बाहर भेजने से डरने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले दो महीनों के दौरान सोसाइटी में 10 से अधिक लोगों को आवारा कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया है।

# ठंड और कोहरे के बीच माध्यमिक स्कूलों में 3 से 5 जनवरी तक अवकाश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। जिले में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे को देखते हुए उत्तर प्रदेश शिक्षा विभाग ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इसके अनुसार गाजियाबाद में संचालित सभी प्रकार के माध्यमिक विद्यालयों एवं अन्य बोर्ड के स्कूलों में 3 जनवरी से 5 जनवरी तक अवकाश रहेगा। आदेश का उद्देश्य छात्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देना है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह अवकाश सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों में लागू होगा। शिक्षा अधिकारियों ने कहा कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। इससे पहले प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में शीतकालीन अवकाश पहले से ही लागू था, लेकिन अब माध्यमिक स्तर के छात्रों को भी ठंड और कोहरे से बचाने के लिए अतिरिक्त राहत प्रदान की गई है।

अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को गर्म कपड़ों में रखें और अनावश्यक रूप से बाहर जाने से रोकें। स्कूल प्रशासन को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और शीतकालीन अवकाश के दौरान सभी प्रक्रियाओं को सुचारू बनाए रखें। जनवरी माह में जिले में न्यूनतम तापमान 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में यह अवकाश बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य की दृष्टि से उचित कदम माना जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि अवकाश का यह निर्णय छात्रों, अभिभावकों और स्कूल स्टाफ के हित में लिया गया है।

# दिसंबर माह में शराब और बीयर की रिकॉर्ड बिक्री, 164 करोड़ की बिक्री से राज्य राजस्व में बढ़ोतरी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। उत्तर प्रदेश आबकारी विभाग ने दिसंबर 2025 में गाजियाबाद जिले में शराब और बीयर की बिक्री के आंकड़े जारी किए, जो पिछले वर्षों की तुलना में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। विभाग के अनुसार दिसंबर माह में कुल 164 करोड़ रुपये की शराब और बीयर की बिक्री हुई, जबकि पिछले साल इसी माह यह आंकड़ा 145 करोड़ रुपये था। इस वृद्धि को विभाग ने सख्त निगरानी और व्यवस्थित संचालन का परिणाम बताया है। जिलें में वर्तमान में कुल 463 शराब और बीयर की दुकानें संचालित हैं। औसतन जिले में रोजाना पांच करोड़ रुपये की शराब-बियर बिक्री होती है। नववर्ष और क्रिसमस के अवसर पर विशेष बिक्री देखी गई। विशेष रूप से 30 और 31 दिसंबर को 13 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज हुई, जबकि 1 जनवरी को 6 करोड़ रुपये की शराब और बीयर की बिक्री हुई। जिला आबकारी अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि सरकार ने दिसंबर माह में चार दिनों के लिए शराब दुकानों को रात 10 बजे की बजाय रात 11 बजे तक खोलने की अनुमति दी थी। इसका उद्देश्य जनता को त्योहारों और नववर्ष की खरीदारी के दौरान सुविधा प्रदान करना था, वहीं विभाग ने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी दुकान में अवैध बिक्री या नियमों का उल्लंघन न हो। संजय सिंह ने स्पष्ट किया कि जिन क्षेत्रों में देर रात तक लोगों का आवागमन अधिक होता है, वहां पर दुकानों में बिक्री में 20 हजार रुपये तक की अतिरिक्त वृद्धि हुई। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य केवल बिक्री बढ़ाना नहीं है, बल्कि नियमों का पालन कर सुरक्षित और नियंत्रित ढंग से कारोबार संचालित कराना है। विभाग ने हर दुकान पर नियमित निरीक्षण और मॉनिटरिंग टीमों के माध्यम से निगरानी रखी। इस वजह से व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया गया।' उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा दुकानदारों और कर्मचारियों को श्रम नियम, लाइसेंस और कानूनी प्रावधानों का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे किसी भी तरह की अनियमितता या विवाद की संभावना न्यूनतम हो। इसके परिणामस्वरूप, नववर्ष के अवसर पर 6 करोड़ रुपये की बिक्री होने के बावजूद कोई भी अवैध घटना या अव्यवस्था नहीं हुई। आबकारी विभाग के अनुसार, यह आंकड़ा केवल राज्य सरकार के राजस्व के लिए नहीं महत्वपूर्ण है, बल्कि यह दशार्ता है कि विभाग की कड़ी निगरानी और व्यवस्था के चलते जनता सुरक्षित वातावरण में खरीदारी कर सकती है। संजय सिंह ने कहा कि आबकारी विभाग का दृष्टिकोण स्पष्ट है: हम त्योहार और अवसरों पर जनता को सुविधा प्रदान करते हैं, लेकिन कानून और सुरक्षा का उल्लंघन कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। विभाग ने सभी दुकानों पर समय, मूल्य और गुणवत्ता के मानक लागू किए हैं।